हरिभूमि
# रायपुर भूमि




- गुजरात की कंपनी से साढ़े चार सौ पानी बॉटल का किया आर्डर
- पानी बॉटल के साथ जवानों को डिहाईड्रेशन से बचाने दिए जाएंगे ग्लूकोज के पैकेट

## ट्रैफिक जवानों को अब पानी के लिए मिलेगी थर्मो स्टील बॉटल, ग्लूकोज भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। ऐसे में धूप में खड़े होकर ट्रैफिक कंट्रोल करने वाले ट्रैफिक जवानों के लिए पानी की व्यवस्था करने पानी बोतल के साथ ग्लूकोज देने की व्यवस्था की जा रही है। प्लास्टिक बॉटल देने से पानी एक समय के बाद गर्म हो जाता है, इसके साथ ही बॉटल प्लास्टिक की होने की वजह से पानी हाईजेनिक नहीं रहता। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने इस ▶▶|शेष पेज 18 पर

### साढ़े चार सौ बॉटल का आर्डर

ट्रैफिक पुलिस के अफसर के अनुसार ट्रैफिक जवानों को एक लीटर के साइज की थर्मो स्टील बॉटल दी जाएगी। साढ़े चार सौ बॉटल खरीदने पर ट्रैफिक पुलिस संबंधित कंपनी को 56 हजार रुपए भुगतान करेगी। जवानों को हर सप्ताह ग्लूकोज पैकेट का आबंटन किया जाएगा।

## छाए रहेंगे बादल, अगले 5 दिनों तक जारी रहेगा अंधड़ का दौर

**रायपुर।** भीषण गर्मी के बीच आंशिक मेघ और हल्की बौछारें लोगों को तापमान में थोड़ी राहत दे रही है। आने वाले पांच दिनों तक प्रदेश में यही स्थिति रहेगी। शुक्रवार को राजधानी रायपुर में और इसके बाद बस्तर तथा उससे लगे जिलों में बदली-बारिश और अंधड़ का दौर चलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, निचले स्तर पर नमी की मात्रा अत्यधिक होने के कारण यह स्थिति निर्मित हो रही है। वर्तमान में एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभ मंडल तक विस्तारित है। इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ने और क्रमिक कमजोर होकर मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर पहुंचने की संभावना है। इनके प्रभाव से आज छग में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

- आज रायपुर में, कल से बस्तर व उससे लगे जिलों में हल्की बारिश व मेघ गर्जन

### सबसे ठंडा और सबसे गर्म राजनांदगांव ही

गुरुवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनत तापमान 22.3 डिग्री भी राजनांदगांव में ही दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक 40.1 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक 22.3 डिग्री दर्ज किया गया। रायपुर में आज आसमान आंशिक रूप से मेघमय रहेगा। हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं। कल से यहां मौसम मुख्यतः साफ रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### पैरोल पर रिहा, 15 वर्षों तक फरार, अब गिरफ्तार



**रायपुर।** जेल से फरार बंदी, कैदियों की पतासाजी करने के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम ने पैरोल पर रिहा 15 साल से फरार बंदी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। पुलिस ने हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे महासमुंद बसना निवासी संजीत धुर्वे उर्फ सुजीत को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। संजीत वर्ष 2010 में जेल से पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था।

### बस स्टैंड पर ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास एक युवक को तीन ग्राम से ज्यादा 20 हजार रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौदहापारा निवासी फहीम खान को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। फहीम ड्रग्स बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे पकड़ा।

### सट्टा खिलाते आठ सटोरिए गिरफ्तार

**रायपुर।** तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने सट्टा संचालित करते एक नाबालिग सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 15 हजार रुपए से ज्यादा नकदी रकम जब्त की है। कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा संचालित करते राज कुरील, राकेश कन्नौजे, प्रदीप चौहान, अरूण सोना को गिरफ्तार किया है। तेलीबांधा पुलिस ने बलदेव वर्सागेड़े तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में कमल सूर्यवंशी तथा मोहम्मद मोहसीन को गिरफ्तार किया है।

### दादा बनते हो, कहकर युवक से की मारपीट

**रायपुर।** पंडरी थाने में एक युवक ने चार लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दलदल सिवनी निवासी वासुदेव तारक ने गोकुल, नंदन साहू तथा दो अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।







## इंजन में लगे नए एसी खराब, चालकों पर 50 डिग्री का टार्चर, जनरल बोगियां भी उबल रहीं

हरिभूमि लाइव

ललित राठौड़ ▶▶| रायपुर

तेज गर्मी में रेलवे के लोको पायलटों के लिए इंजन में काम करना अब कठिन हो गया है। रेलवे बोर्ड ने 50 फीसदी इंजनों में एसी की सुविधा दे दी है, लेकिन इन एसी से ठंडी हवा नहीं, बल्कि गर्म हवा निकल रही है। ज्यादातर एसी खराब बताए जा रहे हैं। इंजनों में लगे एसी फिल्टर की नियमित सफाई की आवश्यकता होती है, लेकिन कई इंजनों में महीनों से इसकी सफाई नहीं की जा रही है। इस कारण लोको पायलटों को फिर भी 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

हरिभूमि ने जब एसी को लेकर पड़ताल की, तो पता चला वर्तमान में 50 प्रतिशत इंजनों में एसी लगाना बचा है। ज्यादातर डब्ल्यूएजी- 9 मॉडल के इंजनों में एसी नहीं है। 2024-25 के नए इंजनों ▶▶|शेष पेज 18 पर

**केस 1**
कोरबा से महाराष्ट्र जा रही मालगाड़ी का दोपहर 2 बजे इंजन का तापमान 48 डिग्री दर्ज किया गया। लोको पायलट ने बताया कि यह शुरुआत है। मई तक यह 50 से 60 तक पहुंच जाएगा।


**केस 2**
दोपहर 2: 35 को एक्सप्रेस का इंजन 42 डिग्री मिला, जो स्टेशन के तापमान से 8 डिग्री अधिक था। लोको पायलट ने बताया कि अब गर्मी में 5 लीटर रोज पानी पीते हैं, ताकि सेहत खराब न हो।


**केस 3**
दोपहर तीन बजे एक्सप्रेस के जनरल कोच का तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया, वही खाली कोच का तापमान 41 तक रहा। गर्मी और भीड़ के कारण कोच में तापमान शाम 6 बजे तक बना रहा है।

### एसी का नहीं मिल रहा लाभ

इंजन में एसी लगाने के बाद भी लोको पायलटों को राहत नहीं मिल रही है। मंडल लोको पायलट संघ के सचिव जय शंकर ने बताया कि 50 प्रतिशत इंजनों में लगे एसी में से केवल 20 प्रतिशत ही काम कर रहे हैं, बाकी या तो खराब हो चुके हैं या फिर सामान्य पंखे जैसी हवा ही दे रहे हैं। उनका कहना है कि गर्मी में एसी 24 घंटे लगातार चलता है, इसलिए इसका मेंटेनेंस नियमित होना जरूरी है। इंजन में लगे एसी के फिल्टर लंबे समय से साफ नहीं किए गए हैं, जिससे फिल्टर में धूल जमा हो गई है। लगातार शिकायतों के बाद भी बंद पड़े एसी को ठीक नहीं किया गया है और न ही सफाई की गई है।








### फिल्टर की सफाई नहीं, एसी खराब

50 प्रतिशत इंजनों में एसी तो लगाए गए हैं, लेकिन केवल 20 फीसदी ही ठीक से काम कर रहे हैं। कई इंजनों के एसी खराब हो चुके हैं और जो चालू हैं, उनके फिल्टर में धूल जमा हो चुकी है। नियमित सफाई की कमी के कारण एसी होने के बावजूद ठंडी हवा नहीं मिल रही है। - **जय शंकर,** सचिव, मंडल लोको पायलट संघ

### दोपहर 1 से 4 बजे तक 50 डिग्री तापमान

अप्रैल और मई के बीच इंजन का सामान्य तामपान 40 से अधिक हो जाता है। लोको पायलट के मुताबिक दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाता है। रापपुर में गुरुवार को तापमान 39 था और इंजन में पारा रिकॉर्ड करने पर 48 तक दर्ज किया गया, जो सामान्य की तुलना 9 डिग्री अधिक था। इतनी गर्मी बैठना तो क्या खड़ा होना भी मुश्किल होता है। इंजन में गर्मी इतनी होती है कि चालक का पसीना पानी की तरह बहता है। लोको पायलट हर दिन 5 से 7 लीटर पानी पी रहे हैं। फिर भी प्यास नहीं बुझ रही है। ट्रेन जब 110 से 120 की रफ्तार से दौड़ती है, उस समय गर्म हवा आग की तरह लगती है।

**राजधानी में जितने ब्लैक स्पॉट कम हो रहे, उतने नए बन रहे**

## अभनपुर, आरंग में तीन नए डेथ पाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के अलग-अलग हाईवे में सड़क दुर्घटना में लगाम लगाने ट्रैफिक पुलिस काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर हाईवे का विस्तार हो रहा है। एक्सीडेंट कम करने पिछले तीन वर्षों में जितने ब्लैक स्पॉट में सुधार किया गया है, नए हाईवे बनने के बाद उतने नए ब्लैक स्पॉट तैयार हो गए हैं। वर्तमान में 26 ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें अभनपुर के पास पुराने धमतरी रोड स्थित कोला, भरेंगा भाठा चौक आरंग स्थित छतौना मोड़ नए ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं।

- सबसे ज्यादा ब्लैक स्पॉट एनएच 30 तथा एनएच 53 में

सबसे ज्यादा ब्लैक स्पॉट एनएच 30 तथा एनएच 53 में हैं। राजधानी में जितने ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित किए गए हैं। उनमें 90 प्रतिशत ब्लैक स्पॉट एनएच 30 तथा एनएच 53 में ▶▶|शेष पेज 18 पर



### नए ब्लैक स्पॉट ज्यादा खतरनाक

आरंग तथा अभनपुर में जो नए ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित किए गए हैं, उनमें 2022 से लेकर 2024 में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 22 मौतें हुई हैं। इन तीनों जगहों के ब्लैक स्पॉट में वर्ष 2024 में 17 मौतें हुई हैं। इस लिहाज से इन तीनों नए ब्लैक स्पॉट में हुई मौतों में 75 प्रतिशत मौतें वर्ष 2024 में हुई हैं।

### पुराने स्पॉट में सुधार का असर

पुराने ब्लैक स्पॉट में एक्सीडेंट पर रोक लगाने जो सुधार कार्य किया जा रहा है, उसका असर भी दिखने लगा है। पुराने ब्लैक स्पॉट में वर्ष 2022 में रोड एक्सीडेंट में जहां 108 लोगों की मौतें हुई हैं, वर्ष 2023 तथा 2024 में घटकर 68 तथा 66 हो गई है। इस लिहाज से पुराने ब्लैक स्पॉट में एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या में 30 प्रतिशत तक की कमी आई है।

### इन ब्लैक स्पॉट में वर्ष 2022 से 2024 के बीच इतनी मौतें

| | |
|---|---|
| सेमरिया चौक | 07 |
| बंगोली मेन रोड | 14 |
| सिर्री मेन रोड | 08 |
| टाटीबंध चौक | 13 |
| टाटीबंध न्यू बाईपास रोड | 13 |
| भाठागांव ब्रिज | 08 |
| देवपुरी से कमल विहार | 05 |
| व्यास तालाब | 07 |
| भनपुरी तिराहा | 08 |
| धनेली ओवरब्रिज | 09 |
| सिलतरा हाई स्कूल | 08 |
| सिलतरा ओवरब्रिज | 19 |
| देवरी टर्निंग | 06 |
| देवरी से तरपोंगी टोल प्लाजा | 11 |
| गड़रिया नाला से बेमता | 09 |
| बेमता से भूमिया | 17 |
| सांकरा से प्रिंस ढाबा | 10 |
| महासमुंद बेरियर वीआईपी चौक | 07 |
| अग्रसेन धान से जोरा ओवरब्रिज | 17 |
| पारागांव से निस्दा मोड़ | 16 |
| पलौद मोड़ | 06 |
| निमोरा टर्निंग | 11 |
| एक्सप्रेस वे रोड | |
| आरंग महासमुंद तिराहा | 07 |
| छतौना मोड़ | 06 |
| कोलार | 09 |
| भरेंगा भाठा | 07 |

**योग एवं ध्यान क्लब की 30 अप्रैल से होगी शुरुआत**

## रविवि 365 दिन सिखाएगा योग, 500 रुपए देकर आम व्यक्ति भी ले सकेंगे एक्सपर्ट गाइडेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब साल के 365 दिन योग सिखाएगा। ना सिर्फ छात्र, बल्कि आम लोग भी इसका हिस्सा बन सकेंगे। इसके लिए 500 रुपए प्रति व्यक्ति की दर से शुल्क देना होगा। रविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग तथा योग शिक्षा विभाग के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा ये कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसमें कोई भी व्यक्ति हिस्सा ले सकेगा। इसके लिए किसी तरह की शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता ▶▶|शेष पेज 18 पर

- छात्रों के तनाव प्रबंधन और संतुलित व्यवहार पर भी किया जाएगा काम



### छात्रों के व्यवहार पर भी ध्यान

हाल-फिलहाल के दिनों में कोविड, वेब-सीरीज सहित अन्य कारणों के चलते छात्रों में तनाव बढ़ा है। इसके अलावा क्रोध तथा अन्य व्यवहारगत दिक्कतें छात्रों में देखने को मिली हैं। योगा एवं ध्यान क्लब द्वारा छात्रों के समग्र विकास पर फोकस किया जाएगा। इनमें विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ ही बौद्धिक विकास भी शामिल रहेगा। छात्रों के तनाव प्रबंधन और संतुलित व्यवहार पर भी ▶▶|शेष पेज 18 पर

### होगी मॉनिटरिंग

जिन उद्देश्यों के लिए क्लब का गठन किया गया है, उनका क्रियान्वयन उचित रूप से हो रहा है अथवा नहीं, इसकी मॉनिटरिंग के लिए समन्वयक की भी नियुक्ति की जाएगी। समन्वयक का मनोनयन कुलपति द्वारा किया जाएगा। चार अन्य सदस्य भी क्लब में रहेंगे। क्लब का प्रथम समन्वयक शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो.राजीव चौधरी को नियुक्त किया गया है। जबकि अन्य मेंबर के रूप में विवि अध्ययनशाला के प्रोफेसर बीएल सोनेकर, योग विभाग के जागेलाल गहरे, सुनील कुमेटी और बंशो नुरुति को नियुक्त किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए क्लब को एक लाख रूपए का बजट भी आवंटित किया गया है।




मान. श्री मोतीलाल साहू
विधायक - रायपुर ग्रामीण
मान. श्री नंदकुमार साहू जी
को
रायपुर विकास प्राधिकरण
के
अध्यक्ष
बनायें जाने पर
हार्दिक शुभकामनायें
विनीत - दिलीप साहू


माननीय
नंद कुमार साहू जी
रायपुर विकास प्राधिकरण
अध्यक्ष के
दिनांक : 11 -04-2025, शुक्रवार
पदभार ग्रहण समारोह
में आपका अभिनंदन है
विनीत : समस्त कार्यकर्ता रायपुर जिला शहर

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



05



शक्ति के बिना शिव की कल्पना ...


## एजुकेशन लाइव

## असिस्टेंट लोको पायलट के 9900 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**रायपुर।** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से असिस्टेंट लोको पायलट के 9900 पदों पर भर्ती निकाली गई है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल 2025 से शुरू हो गई है। जो भी अभ्यर्थी भारतीय रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं, वे इस भर्ती में शामिल होने के लिए रेलवे की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। ऑफलाइन या अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन की लास्ट डेट 9 मई 2025 तय की गई है। भर्ती में शामिल होने के लिए पात्रता, उम्र सहित अन्य डिटेल यहां से चेक कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित क्षेत्र में/ डिसिप्लिन में आईटीआई/ ग्रेजुएशन/ डिप्लोमा आदि उत्तीर्ण किया हो। साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 30 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी। आयु की गणना 1 जुलाई 2025 को ध्यान में रखकर की जाएगी।




### आवेदन शुल्क

आवेदन के साथ ही उम्मीदवारों को निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। बिना शुल्क के भरे गए फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को 500 रुपए एवं एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी, एक्स सर्विसमैन को आवेदन शुल्क का 250 रुपए का भुगतान करना होगा।

### चयन प्रक्रिया

इस भर्ती में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पहले दो चरणों की परीक्षा (सीबीटी 1 एवं सीबीटी 2) में भाग लेना होगा। दोनों ही चरणों में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अगले चरण सीबीएटी में भाग लेना होगा। अंत में उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में शामिल होना होगा। सभी चरणों में सफल उम्मीदवारों को रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

### वीजा मिलने में आसानी के कारण स्टूडेंट आयरलैंड, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, दुबई, स्पेन, मलेशिया आदि देशों में जा रहे हैं पढ़ने

# फॉरेन एजूकेशन का बदला ट्रेंड, रोबोटिक्स और डेटा एनॉलिटिक्स पढ़ने विदेश जाने वाले 40 फीसदी बढ़े

शहर से विदेश में उच्च शिक्षा लेने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पहले जहां ज्यादातर स्टूडेंट्स मेडिकल और मैनेजमेंट कोर्स के लिए विदेशी यूनिवर्सिटी का रुख करते थे, वहीं अब यह ट्रेंड बदल रहा है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , रोबोटिक्स और डेटा एनॉलिटिक्स जैसे कोर्स में रुचि रखने वालों की संख्या बढ़ी है। पिछले साल करीब 3 हजार छात्र-छात्राओं ने विदेश जाने का निर्णय लिया था, जबकि इस साल यह संख्या 5 हजार के पार जाने का अनुमान है।



**रायपुर।** कोविड के पहले, विदेशी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स की संख्या केवल ढाई से तीन हजार के बीच होती थी। एजुकेशन काउंसलर रंजन मित्तल के मुताबिक, अब 40 प्रतिशत से अधिक स्टूडेंट्स एआई, रोबोटिक्स और डेटा एनॉलिटिक्स जैसे उभरते हुए कोर्स में दाखिला लेने के इच्छुक हैं। वहीं करीब 20 प्रतिशत स्टूडेंट्स साइकोलॉजी, हॉस्पिटैलिटी, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में प्रवेश की तैयारी कर रहे हैं। यह बदलाव विशेष रूप से एआई, डेटा एनॉलिटिक्स और रोबोटिक्स में मिलने वाले आकर्षक पैकेजों और बढ़ती डिमांड के कारण हुआ है। पांच साल पहले तक स्टूडेंट्स का झुकाव सिर्फ मेडिकल और मैनेजमेंट कोर्स की ओर था, लेकिन अब यह ट्रेंड तेजी से बदल रहा है।



### 30 लाख रुपए तक पैकेज मिल रहे

***रोबोटिक्स:*** इसमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर साइंस का कोर्स शामिल रहता है, जो कि रोबोट की डिजाइनिंग और सॉफ्टवेयर बनाने वाले प्रोफेशनल तैयार करता है। देश में ही प्रोफेशनल्स को 12 से 30 लाख रुपए के पैकेज मिल रहे हैं। हेल्थकेयर, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, इंडस्ट्रीज, सायबर सिक्योरिटी, पुलिसिंग, क्राउड मैनेजमेंट सहित कई क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल होने लगा है।

### किन देशों में किस कोर्स के लिए ज्यादा स्टूडेंट

***रोबोटिक्स :*** जर्मनी, सिंगापुर, आयरलैंड। सालाना खर्च स्टे सहित 16 से 20 लाख रुपए

***आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस :*** आयरलैंड, यूएस, कनाडा। सालाना खर्च स्टे सहित 18 से 22 लाख

**डेटा एनॉलिटिक्स :** आयरलैंड,सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, कनाडा, यूएस। सालाना खर्च स्टे सहित 18 से 30 लाख रुपए

**फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी (फिनटेक) :** सिंगापुर (12 से 15 लाख), यूके (15 से 20 लाख), ऑस्ट्रेलिया

***सायकोलॉजी :*** ऑस्ट्रेलिया और यूके। सालाना खर्च स्टे सहित 20 से 30 लाख रुपए

***हॉस्पिटेलिटी :*** स्वीट्जरलैंड (40 से 50 लाख), न्यूजीलैंड और सिंगापुर (15 से 20 लाख)



### एआई के क्षेत्र में आयरलैंड में अच्छी रिसर्च

फॉरेन एजुकेशन के लिए अब लड़कियों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। पांच साल पहले तक गर्ल्स और बॉयज का रेशो 25:75 होता था, जो कि अब 35:65 है। एजुकेशन कॉउंसलर पुनीत माधवानी के मुताबिक, सबसे ज्यादा लड़कियां सायकोलॉजी और मेडिकल की पढ़ाई के लिए विदेश में प्रवेश लेती हैं। डेटा एनॉलिटिक्स और एआई के क्षेत्र में भी आयरलैंड में अच्छी रिसर्च चल रही है। वीजा मिलने में आसानी के कारण भी स्टूडेंट अब आयरलैंड, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, दुबई, स्पेन, मलेशिया आदि देशों में जा रहे हैं। इन देशों के लिए 7 से 12 दिनों में ही स्टूडेंट वीजा मिल जाता है। यूएस के वीजा के लिए 3 से 4 महीने लग रहे हैं।

## सिटी इवेंट

## जंगल सफारी के समर कैंप में प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ेंगे बच्चे



**रायपुर।** गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों को प्रकृति और वन्यजीवों से जोड़ने के उद्देश्य से नंदनवन जू एंड जंगल सफारी, नया रायपुर द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दो चरणों में आयोजित होगा। पहला चरण 20 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक और दूसरा चरण 1 मई से 7 मई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। यह समर कैंप 11 से 18 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। प्रत्येक बैच में अधिकतम 25 प्रतिभागियों को ही सम्मिलित किया जाएगा, जो 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर चयनित होंगे। समर कैंप में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियां सम्मिलित की गई हैं, जिनमें नेचर वॉक, बर्ड वॉचिंग, वन्यजीव आधारित खेल, प्रकृति पर आधारित कला एवं शिल्प निर्माण, वनस्पति एवं जीव-जंतुओं की पहचान तथा संरक्षण नेतृत्व विकास सत्र प्रमुख हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने, नेतृत्व कौशल विकसित करने और व्यावहारिक अनुभव देने का प्रयास किया जाएगा।

### नेतृत्व कौशल विकसित करने का अवसर

पंजीकरण की प्रक्रिया 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ और अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2025 रात्रि 11.59 बजे होगी। इच्छुक प्रतिभागी दिए गए नंबरों 8120855525 व 9893908393 पर संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर नंदनवन जू एंड सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने कहा कि, "हमारा उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रकृति से जोड़ना, उनमें संवेदनशीलता और संरक्षण के प्रति चेतना जागृत करना है। यह समर कैंप उन्हें न केवल सीखने का, बल्कि प्रकृति के साथ जुड़ने और नेतृत्व कौशल विकसित करने का भी अवसर देगा।"यह समर कैंप न केवल बच्चों के लिए एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध होगा, बल्कि राज्य के पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमों को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

## 12 को देश के मशहूर डिजाइनर लगाएंगे एग्जिबिशन

**रायपुर।** सायाजी होटल में 12 एवं 13 अप्रैल को हिंडोला प्रीमियम लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन आयोजित करने जा रहा है, जिसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जाएगा। रवि धानुका ने बताया कि 12 अप्रैल से शुरू होने वाली इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से बेहद ही खास और चुनिंदा एक्जीबिटर्स के साथ कलेक्शंस की वैरायटी को बहुत ही खूबसूरती के साथ प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं वेडिंग सीजन को मद्देनजर रखते हुए डिजाइनर लहंगा, शरारा गरारा, साड़ी पैटर्न की ड्रेस, राजपूतानी पोशाक, इंडो वेस्टर्न कि काफी यूनिक कलेक्शंस राजधानीवासियों के लिए उपलब्ध रहेगी। दूसरी ओर ज्वेलरी में कुंदन, जाधव, हैवीवेट, ऑक्सिडाइज्ड सहित ब्लैक पॉलिश चेसिंग विभिन्न प्रकार की अनोखी ज्वैलरी कलेक्शंस राजधानीवासियों को यहां देखने को मिलेंगे। इसके अलावा होम डेकोरेटिव आइटम्स, बेड कवर, पर्दे,भगवान के पोशाक, डिजाइनर बैग्स, फुटवियर, गिफ्ट आइटम्स, कुकीज, हैंडमेड चॉकलेट, हैंडमेड स्किन प्रोडक्ट आदि स्टॉल्स प्रदर्शनी में देखे जा सकते हैं। रवि ने बताया कि प्रदर्शनी में एक ही छत के नीचे बहुत सारी उपयोगी वस्तुएं वह भी एक्सक्लूसिव कलेक्शंस में आसानी से उपलब्ध रहेंगी।

# सामूहिक योग साधना में दशावतार की सुंदर झांकी ने मोहा मन, आसनों का कराया अभ्यास

भारतीय योग संस्थान का 59वां स्थापना दिवस सुभाष स्टेडियम, नलघर चौक में मनाया गया। इस आयोजन में लगभग 1000 योग साधकों ने हिस्सा लिया और सामूहिक योग साधना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महावीर जयंती पर उनके त्याग और तपस्या की शक्ति को योग से प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में लता, रजनी, पूर्णिमा और प्रगति ने आसनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि सुदेशना मेने और रिया फतनानी ने मंच संचालन किया।




**रायपुर।** अम्बेडकर पार्क योग केंद्र द्वारा सूक्ष्म क्रिया का अभ्यास योग गीत के साथ करवाया गया। मुकेश सोनी ने त्रिकोणासन, कोणासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन और नौकासन जैसे आसनों का अभ्यास करवाया। वंदना आहूजा और राजेश डागा ने प्राणायाम और ध्यान कराया, वहीं पिंकी जैन ने संस्थान परिचय और नित्य योग साधना के लाभ पर वार्ता दी। सेल्फी जोन की व्यवस्था ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाया।

### साधक हुए मंत्रमुग्ध

सांस्कृतिक कार्यक्रम में चक्र साधना पर योग प्रदर्शन और दशावतार पर सुंदर झाकी का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर सभी साधक मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में राष्ट्रगान और भारत माता की जय घोष के साथ समापन किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में शंकर नगर पार्षद रोहित साहू, राजेश अग्रवाल, हेमंत साहू, योगीराज साहू, और अन्य कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।आयोजन ने सभी को योग के महत्व और इसके लाभ से प्रेरित किया।



## 6 वर्षीय मृत बच्ची को महिलाओं ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** शहर के अनुपम गार्डन में कुर्मी समाज के साथ सभी वर्ग की महिलाएं दुर्ग में 6 वर्षिय बच्ची के साथ किए गए दुष्कर्म के विरोध में गुरुवार की शाम 6 बजे जुटीं। इस दौरान दुर्ग में दर्दनाक घटना में मृत बच्ची को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही शासन से निवेदन करते हुए मांग की गई कि ऐसे दुष्कर्मी को एक अलग बेंच बनाकर मृत्युदंड की सजा का प्रावधान किया जाए।

इस कड़ी में कुर्मी समाज की महिलाओं ने भी साथ दिया। इसमें पूर्व सीएमएचओ डॉ. मीरा बघेल, महिला अध्यक्ष मंजू धुरंधर, सरिता बघेल, भावना वर्मा, लता बिजौरा, देहुति वर्मा, राजेश्वरी चंद्रवंशी, ममता यदु, रंजना यदु, उर्मिला शर्मा, राजेश्वरी भी शामिल हुईं।

### छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम ने बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

# सद्भावना बाइक रैली ने किया क्षेत्र का भ्रमण, महाधिवेशन का आज कलश यात्रा से आगाज, 11 जोड़ों का आदर्श विवाह भी

कार्नर न्यूज

***रायपुर।*** *सद्भावना बाइक रैली को लेकर कुर्मी समाज के हर वर्ग का उत्साह देखने लायक रहा। रैली में शामिल होने के लिए समाज प्रमुखों की अगवाई में युवा और महिलाएं भी दोपहर से ही मोवा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में पहुंचने लगे थे। तय समय पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप ने बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया। बाइक रैली शहर के अवंति बाई चौक, पंडरी, खालसा स्कूल, जेलरोड, मेकाहारा, फाफाडीह चौक, रेलवे स्टेशन चौक से होते हुए तेलघानी नाका पहुंची।*



### महाधिवेशन से पहले कलश यात्रा

समाज के महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 बजे तात्यापारा स्थित कुर्मी भोला क्षत्रिय छात्रावास से 300 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश धारण कर कंकालीपारा, पुरानीबस्ती थाना, बुढ़ेश्वर चौक से होते हुए सुबह 11 बजे इंडोर स्टेडियम पहुंचेंगी। मंगल कलश पूजा के साथ 13 और 14 अप्रैल तक चलने वाले 79वें महाधिवेशन का शुभारंभ किया जाएगा। दो सत्र में होने वाले आयोजनों की कड़ी में अपराह्न 3 बजे से 11 जोड़ों के आदर्श विवाह से पहले तेल मायन की परंपरा निभाई जाएगी।

### इंडोर स्टेडियम में रैली का समापन

बाइक रैली से किसी मार्ग की आवाजाही प्रभावित न होने पाए, इस लिहाज से युवाओं को वालंटियर्स के रूप में जिम्मेदारी दी थी। जो व्यवस्था बनाते हुए अग्रसेन चौक, आमापारा, लाखेनगर, पुरानी बस्ती, बूढ़ेश्वर मंदिर से होते हुए महाधिवेशन स्थल इंडोर स्टेडियम पहुंची। जहां पर रैली का समापन हुआ। महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, रायपुर राज प्रधान जगेश्वर वर्मा के साथ रायपुर राज प्रधान महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा भी इस बाइक रैली में प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## सिटी इवेंट

# बायोमेडिकल क्षेत्र में अब मशीन लर्निंग जैसे नए आयाम जुड़ चुके हैं



**रायपुर।** एनआईटी के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन बायोमेडिकल इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी' का आयोजन किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन गुरुवार को हुआ, सम्मेलन का उद्देश्य बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की महत्ता को सामने लाना और इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों के लिए प्रेरित करना है। बायोमेडिकल विभाग के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. एम मारीश्वरन ने बताया कि आईसीबेस्ट वर्षों से निरंतर विकसित हो रहा है और यह स्वास्थ्य क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष सम्मेलन में कुल सात तकनीकी सत्र होंगे और प्रत्येक सत्र से एक श्रेष्ठ शोध पत्र को 'सर्वश्रेष्ठ पेपर' के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इसकी मूल्यांकन की प्रक्रिया बेहद पारदर्शी रखी गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव उपस्थित रहे।

### बायोमेडिकल क्षेत्र के नवीन तकनीकों पर चर्चा

व्याख्यान में प्रोफेसर राव ने कहा कि बायोमेडिकल क्षेत्र में अब मॉलिक्यूलर डायनामिक्स, सिस्टम बायोलॉजी, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नए आयाम जुड़ चुके हैं। यह लोगों को रेडियोनॉमिक्स, डिजीज मॉडलिंग में सहायता प्रदान कर रही है। इन दिनों बायोमेडिकल में फार्मास्युटिक्स, फार्माकोडायनामिक्स, फार्माकोकाइनेटिक्स जैसे अनेक नवीन तकनीक जुड़ चुके है, जिससे कार्य सरल और सहज हो गया है। साथ ही हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग और क्लाउड बेस्ड कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्र भी बेहतर करियर ऑप्शन है। वक्ता सत्र में प्रोफेसर मो. यासिन सिखंदर ने मॉडर्न पैराडाइम्स इन बायोसिग्नल प्रोसेसिंग एंड एनालिसिस आदि जानकारी साझा की।

## सिटी लाइव

# दुग्ध उत्पादन की गुणवत्ता, पोषण और नवीन तकनीकों पर व्याख्यान



**रायपुर।** दुग्ध महाविद्यालय में दुग्ध उत्पादन से जीवन यापन और स्वास्थ्य में परिवर्तन के लिए स्थिर दृष्टिकोण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। नवा रायपुर आडिटोरियम में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग एवं इंडियन डेयरी एसोसिएशन (पश्चिम क्षेत्र) मुंबई के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य में दुग्ध उत्पादन की चुनौतियां, संभावनाओं और नवाचार पर मंथन करना रहा। समारोह के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के कार्यकारी निर्देशक एसराजीव, इंडियन डेयरी एसोसिएशन के अध्यक्ष आरएस सोढ़ी, डेयरी ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.विक्रम सिसोदिया उपस्थित रहे।

### देशभर के किसानों ने लिया हिस्सा

उद्घाटन भाषण में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भारत विश्व में दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है, और इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती हैं। उन्होंने दुग्ध उत्पादन में गुणवत्ता, पोषण तथा टिकाऊ तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ डेयरी विकास के उद्देश्य से एमओयू साझा किया, इसमें नए सोसायटियों की रचना करके दुग्ध संकलन को बढ़ाने में प्रयास किया जायेगा। सम्मेलन में देशभर के दुग्ध एवं पशुपालन से संबंधित विषय विशेषज्ञों का तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया, इसमें देशभर के 25 डेयरी एवं खाद्य विज्ञान महाविद्यालय और संयंत्रों की समुहों ने हिस्सा लिया।

## समाज इवेंट

# हर कहानी के पीछे होती है अच्छी सोच, दृष्टिकोण और अनुभव भी




**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "स्क्रिप्ट लेखन एवं स्टोरी टेलिंग" कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलसचिव सुनील शर्मा ने कहा कि हर कहानी के पीछे एक सोच होती है, एक दृष्टिकोण और सबसे अहम, एक अनुभव होता है। स्क्रिप्ट लेखन और स्टोरी टेलिंग न केवल विचारों को अभिव्यक्त करने का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यक्तिगत विमर्श को भी एक दिशा प्रदान करते हैं। साथ ही कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रशिक्षणात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यावहारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### तकनीकों पर व्यावहारिक ज्ञान के साथ चर्चा

इसी दौरान प्रसिद्ध रेडियो जॉकी अनिमेष शुक्ला ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वॉयस मॉड्यूलेशन, नरेशन, कंटेंट प्रेजेंटेशन और ऑडियो स्टोरी टेलिंग की बारीकियों को साझा किया। उन्होंने रेडियो और डिजिटल माध्यमों में कहानी कहने की बदलती तकनीकों पर व्यावहारिक ज्ञान के साथ चर्चा की। पटकथा लेखन के विशेषज्ञ राजकुमार दास ने स्क्रिप्ट लेखन की रचनात्मक प्रक्रिया, पात्र निर्माण, संवाद शैली और प्रस्तुति कौशल पर गहन मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेंद्र शर्मा, पत्रिकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष पंकज नयन पांडेय, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी आदि उपस्थित रहे।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक की श्रृंखला में सुबह उत्साह से जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

# माता त्रिशला के 14 स्वप्नों से सजी नाट्य श्रृंखला ने जीता दिल, मध्यरात्रि में 2624 दीपों से आरती



### भक्ति गीतों की मंडलों ने दी प्रस्तुति

वीर भक्ति गीत प्रतियोगिता में ममता सुराना, पूजा पारख, ममता सांखला, श्वेता चोपड़ा ने बाजे बधाई गूंजे शहनाई.., जैसे कई भजनों से आयोजन में चार चांद लगाया। प्रतियोगिता में 20 से ज्यादा मंडलों ने भाग लिया। इसमें महिलाओं-बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महावीर के जीवन पर आधारित प्रसंग को गीत के माध्यम से मंच में जिवंत किया। प्रस्तुति के दौरान उपस्थित समाज के लोग भी भाव-विभोर हुए।

### महावीर की शिक्षा आज भी प्रासंगिक

महावीर जन्म कल्याणक समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक राजेश मूणत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि सकल जैन समाज की ओर से भगवान महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक भव्यता से मनाया जा रहा है। महावीर का जीवन और उनकी शिक्षा आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी प्राचीन काल में थीं। उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज को अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह जैसे मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा आदि मौजूद रहे।

**रायपुर।** धरती सज गई सज गया अंबर, नशा अजब सा छा गया..., त्रिशला नंदन प्रभुवर प्यारे..जैसे भजनों से गुरुवार को महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की श्रृंखला सजाई गई। रात साढ़े 8 बजे से पौने 11 बजे तक 20 महिला मंडल से जुड़े फनकारों ने वीर भक्ति भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके बाद माता त्रिशला के 14 स्वप्नों से ओतप्रोत नाट्य मंचन ने हर किसी का दिल जीता। रात 12.36 पर 2624 दीपों भगवान महावीर की आरती से जैन दादाबाड़ी भी जगमगा उठा। सकल जैन समाज इसका साक्षी बना। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की कड़ी में एमजी रोड जैन दादाबाड़ी में हर्षोल्लास का माहौल था। 2624वीं जयंती के पर सुबह 8.30 बजे मालवीय रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो श्री ऋषभदेव जैन श्वेतांबर मंदिर सदर बाजार से होते हुए सत्ती बाजार, तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागरपारा, गुरु नानक चौक होते हुए श्री जिन कुशल सूरी जैन दादाबाड़ी तीर्थ एमजी रोड पहुंची। शोभायात्रा में सकल जैन समाज ने लोगों को ढाई हजार से भी ज्यादा पौधे बांटे। यह सभी पौधे कपड़े के थैले में लोगों को दिए गए। पीएम नरेन्द्र मोदी ने नवकार महामंत्र जाप में वर्चुअल शामिल होते हुए पर्यावरण संरक्षण में एक पौधा मां के नाम लगाने में सहयोग के लिए अपील किया था, इसे दूसरे दिन ही समाज ने अभियान का हिस्सा बनाया।



### 2624 दीपों से की गई महावीर की आरती

जयंती पर भगवान महावीर स्वामी की 2624 दीपों से रात 12:36 बजे भव्य आरती की गई। रात को यह दृश्य देखने लायक था। जब प्रांगण की सभी लाइटें बंद की गई और केवल दीपों से प्रभु की आरती की जा रही थी। समाज के सभी लोगों ने भगवान महावीर की आरती करते हुए विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की । इसमें सकल जैन समाज के हर वर्ग ने शामिल होकर इस भक्तिमय आयोजन को महोत्सव का रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



# शक्ति के बिना शिव की कल्पना संभव नहीं, शक्ति सर्व व्यापक, कथा सुनन से होगा जीवन का कल्याण

**रायपुर।** शक्ति संसार में सर्व व्यापक तत्व है। जो देवताओं, दैत्यों, मनुष्यों में समान रूप से विद्यमान है। इस संसार में ऐसा कोई भी प्राणी नहीं है, जो शक्ति के बिना रह सके। यहां तक शिव की कल्पना शक्ति के बिना संभव नही है। सभी शक्ति के माध्यम से ही काम करते हैं। भगवती को ललिता सहस्त्रनाम में भी 'जननी' कहा गया है। भगवती ब्रह्म से लेकर हर जीव की माता है। सारे संसार की उत्पत्ति जिस तत्व में होती है, उसे ही शक्ति और दुर्गा देवी के नाम से जाना जाता है। गुरुवार को अनुपम नगर में गणेश मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्रीमद देवी भागवत महापुराण का अमृतरस पान कराते हुए यह बात दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद ने कथा श्रोताओं के बीच कही।



कथा से पहले निकली कलश यात्रा

श्रीमद देवी भागवत महापुराण से पहले गणेश मंदिर समिति ने अनुपम नगर में मंगल कलश शोभायात्रा का आयोजन किया। इसमें माता- बहनें पीली साड़ियों में सिर पर कलश धारण करके निकलीं। भगवती दुर्गा की उपासना के लिए दोपहर में निकाली गई कलश यात्रा का हिस्सा बनीं। यात्रा का समापन होने के बाद वैदिक विद्वानों द्वारा दुर्गा देवी का आव्हान किया गया। इसके बाद व्यासपीठ पूजा के साथ ही कथा का शुभारंभ भक्तिमय माहौल में किया गया।

### शक्ति व शक्तिमान में कोई भेद नहीं

शक्ति स्वतंत्र नहीं, लेकिन शक्ति के बिना कोई अकेले एक भी काम नहीं कर सकता है। इच्छा न होने से कोई काम नहीं होता है। इच्छा ही शक्ति है, इसलिए हर काम को करने में शक्ति की इच्छा के अनुसार ही काम करना पड़ता है। इसलिए शक्ति और शक्तिमान में कोई भेद नहीं है। यह उपदेश व्यासपीठ से दंडी स्वामी ने व्यक्त किया। कथा का शुभारंभ गणेश मंदिर समिति की ओर से प्रकाश दोशी ने आरती करते हुए किया। शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने पोथी पूजन करके भगवती की आरती का विधान किया।

## श्रीमद भागवत कथा सुनकर धुंधकारी जैसे पापी का भी हो सकता है उद्धार

**रायपुर।** दलदल सिवनी स्थित अवनी विहार में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन काशी से आए पं. आचार्य शिवदास महाराज ने कथा की महिमा को श्रद्धालुओं के बीच साझा किया। उन्होंने बताया कि किसी वस्तु की महिमा का विश्वास तब ही होता है, जब उसके महत्व का सही ज्ञान हो। आचार्य ने यह भी बताया कि श्रीमद भागवत कथा सुनकर कोई भी पापी, चाहे वह कितना भी बड़ा पापी क्यों न हो, अपने जीवन का कल्याण कर सकता है। इस दौरान आचार्य शिवदास ने संगीतमय भजनों के साथ श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।



इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे, जिन्होंने श्रद्धाभाव से कथा का श्रवण किया।

**हर पापी का उद्धार संभव :** पं. शिवदास महाराज ने श्रीमद भागवत कथा के प्रवचन में कहा कि इस कथा के प्रभाव से धुंधकारी जैसा महापापी भी अपने पापों से मुक्त हो सकता है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति पापियों की श्रेणी में सबसे ऊपर हो, वह भी इस कथा के श्रवण से अपने जीवन को बदल सकता है। श्रीमद भागवत ग्रंथ सिर्फ एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का रूप है।




# झांकियों से सजी शोभायात्रा गूंजा जयश्री राम का जयघोष

**रायपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर शिवसेना छत्तीसगढ़ (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) द्वारा गुरुवार को 40 आकर्षक झांकियों के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस श्रृंखला में रामभक्त जयश्री राम, हर हर महादेव का जयघोष करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। शिवसेना के प्रदेश महासचिव सुनील कुकरेजा, एचएन सिंह, संजय नाग, सन्नी देशमुख के मार्गदर्शन में शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 6 बजे श्री विट्ठल मंदिर फूल चौक में पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा अपने परंपरागत मार्गों से होते हुए गुजरी। जगह-जगह व्यापारियों और समाज के लोगों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

### फूल चौक में की धर्मसभा

भगवान श्रीराम के प्रसंगों से जुड़ी 40 झांकियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। शौर्य प्रदर्शन के साथ शस्त्र संचालन का भी प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा के दौरान फूल चौक में धर्मसभा का आयोजन किया गया। इस कड़ी में एचएन पालीवाल, बल्लू जांगड़े, शिव लिमजे ने भी 70 वार्डों से शोभायात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे रामभक्तों को संबोधित किया। उन्होंने शिवसैनिकों को सजग और सतर्क रहने पर जोर दिया। आयोजन को सफल बनाने में मुकेश सिन्हा, ज्योति सिंह, समीर पाल, विजयेंद्र कुम्बलकर, शिव लिमजे, संतोष मारकण्डे, राहुल श्रीवास, विजय नाग, निखिल राठौर, संजय हलधर ने सहयोग दिया।

## सिद्धि प्राप्त बावली वाले हनुमान मंदिर में जयंती अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी

# प्रचीन हनुमान मंदिर का इतिहास 400 साल पुराना श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं हनुमानजी

कार्नर न्यूज

*रायपुर। हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है, जिसका इतिहास 400 साल से अधिक पुराना है। शहर के प्राचीन और सिद्धि प्राप्त बावली वाले हनुमान मंदिर में जयंती अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान हरिभूमि की टीम मंदिर पहुंची और मंदिर के सालों पुरानी इतिहास को जाना। महात्माओं के अनुसार मंदिर में विराजित भगवान श्री हनुमान स्वयं विराजमान हैं, जो भक्तों का दुख हरते हैं। मंदिरों में आज भी पारंपरिक विधि के अनुसार ही पूजा-अर्चना की जाती है, जिसमें प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को दुग्धाभिषेक महत्वपूर्ण है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस वर्ष 12 अप्रैल शनिवार के शुभ दिन भगवान का जयंती अवसर है, इस शुभ संयोग में पूजा भी महत्वपूर्ण रहेगी। भगवान हनुमान के गुरु सूर्यदेव हैं और सूर्यदेव के पुत्र शनिदेव हैं, शनिवार का दिन शनिदेव का समर्पित है। वहीं शनिदेव हनुमान भगवान के आराध्य हैं, इस शुभ संयोग में सभी राशियों को विशेष लाभ होगा।*



### हनुमान जयंती पर 21 लीटर पंचामृत से अभिषेक


तीनों मंदिरों में रोजाना दुग्धाभिषेक किया जाता है, साथ ही हनुमान भगवान की मौजूदगी का अहसास मंदिर में होता है। इस वर्ष हनुमान जयंती पर 21-21 लीटर दूध और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। मान्यता अनुसार, कई साल से बावली का पानी सूखा नहीं है। लोग अपनी बाहरी हवा दूर करने, स्वस्थ होने और बच्चों को बुरी नजरों से दूर करने यहां का पानी ले जाते हैं। इसमें कछुआ, दो बड़ी मछलियां हैं।

### जयंती पर सुबह 4 बजे मंदिर के कपाट खुलेंगे

पुरानी बस्ती स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी ने बताया कि सुबह 5 बजे अभिषेक, 6 बजे श्रृंगार आरती, 10.30 बजे दुग्धाभिषेक और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा, जिसके बाद हवन-पूजन, महाआरती और भंडारा प्रसाद का वितरण होगा। जयंती अवसर पर सुबह 4 बजे से मंदिर के कपाट खोले जाते हैं।

### शोभायात्रा में भगवान का चलविग्रह

गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि बावली के निकले तीसरे हनुमान भगवान की प्रतिमा मंदिर में विराजित है। मान्यता के अनुसार, बीते 400 साल से पारंपरिक रूप में ही पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालुओं के अनुसार भगवान हनुमान सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सुबह 21 लीटर दूध और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। साल में एक बार जयंती अवसर पर मंदिर से भगवान का चल विग्रह नगर भ्रमण के लिए निकाला जाता है, इस दिन सुबह 7 बजे से बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा प्रारंभ होगी। यह चल विग्रह निम्बार्क संप्रदाय के महात्माओं द्वारा लाया गया है, जो पहले मंदिरों में पूजा किया करते थे।



### बावली से निकलीं तीन प्रतिमाएं

पुजारी मोहन पाठक ने बताया कि सालों पहले संतों को बावली पर तीन प्रतिमाएं तैरती दिखीं, जिसके बाद श्री हनुमान की आज्ञा अनुसार स्थापना के लिए बैलगाड़ी से अन्य स्थानों पर ले जाया गया। वहीं जिस स्थान पर बैलगाड़ी रुकी, उसी स्थान पर प्रतिमाओं को स्थापित किया गया, तीन प्रतिमाओं में पहली बावली वाले हनुमान के नाम से प्रख्यात हुई। दूसरी गुढ़ियारी हनुमान मंदिर और तीसरी दूधाधारी मठ के हनुमान भगवान के नाम से प्रसिद्ध हुई।

### हर साल आकृति में बदलाव

मंदिर प्रबंधकों के अनुसार, बावली से निकली तीन प्रतिमाएं भाई हैं, जो शहर के अलग-अलग स्थानों पर विराजमान हैं। दूधाधारी मठ में बड़ा भाई, पुरानी बस्ती में मंझला भाई और गुढ़ियारी में छोटा भाई का रूप माना जाता है। तीनों का आकृति स्वपरिवर्तनशील रूप में है, जिससे वक्त के साथ तीनों का स्वरूप बदलता जा रहा है।

# जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही बनेगी प्रदेश भाजपा की नई टीम

## इस माह के अंत तक सभी स्तर की कार्यकारिणी पूरा करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में अब मंडल स्तर से कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। सभी मंडलों में कार्यकारिणी जल्द बनने की संभावना है। इसके बाद भाजपा के 36 संगठन जिलों की कार्यकारिणी बनेगी। अंत में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम का गठन होगा। प्रदेश संगठन की नई टीम में बड़ा बदलाव तय है, क्योंकि प्रदेश की टीम के करीब दो दर्जन नेताओं को निगम, मंडल में पद मिल गए हैं। अभी निगम, मंडल की और सूची आने वाली है, इसमें भी प्रदेश के संगठन के कई नेताओं को पद मिलेंगे। ऐसे में जिनको दूसरा पद मिल जाएगा, उनके स्थान पर नए चेहरों को नई जिम्मेदारी दी जाएगी।

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव



जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### मंडल, जिलों पर पहले फोकस

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। इस समय मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम हो रहा है। इसका काम पूरा होने के बाद भाजपा ने 36 संगठन जिलों में कार्यकारिणी बनेगी। जिलों में कार्यकारिणी बनने के बाद प्रदेश की टीम बनाई जाएगी।

### दो दर्जन पदाधिकारियों को मिल गए हैं नए पद

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चार प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, नीलू शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हसके, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, तीन संभाग प्रभारी रायपुर के सौरभ सिंह, सरगुजा के राजा पांडेय, बिलासपुर के अनुराग सिंहदेव, प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य और पुराने दिग्गज नेता रामप्रताप सिंह, रामसेवक पैकरा, राजीव अग्रवाल, श्रीनिवास मद्दी, लोकेश कावड़िया, चंद्रकांति वर्मा, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक, राकेश पांडेय को निगम, मंडल में पद मिले हैं। इनके स्थान पर नए चेहरों को कार्यकारिणी में मौका मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### आरडीए अध्यक्ष नंद कुमार साहू आज करेंगे पदभार ग्रहण

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष नंद कुमार साहू शुक्रवार को प्राधिकरण के न्यू राजेन्द्रनगर स्थित कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेगें। इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी, शहर के विधायक, विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। रायपुर विकास प्राधिकरण के 10वें अध्यक्ष के रूप में 11 अप्रैल को नंद कुमार साहू प्राधिकरण कार्यालय सभाकक्ष में पदभार ग्रहण करेंगे। 1997 में राजनैतिक क्षेत्र के माध्यम से समाज सेवा क्षेत्र प्रवेश करने के बाद श्री साहू पार्टी के विभिन्न पदों पर रहते हुए हरदीहा साहू समाज रायपुर के जिला अध्यक्ष और संरक्षक रहे हैं। पूर्व में वे ग्राम सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य तथा रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी रहे हैं। वे श्याम बैस, वर्धमान सुराना, सुनील सोनी, संजय श्रीवास्तव, सुभाष धुप्पड़ के बाद प्राधिकरण के छठवें अशासकीय अध्यक्ष हैं।



### भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आज आएंगे

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय शुक्रवार की सुबह नियमित विमान से रायपुर के एक दिवसीय प्रवास पर आएंगे। श्री उपाध्याय यहां भाजपा द्वारा भारतरत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह के निर्धारित कार्यक्रमों के सिलसिले में आहूत कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने बताया, कार्यशाला 12 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय होगी। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला मुख्यालयों में होने वाली संगोष्ठियों में प्रदेश से जाने वाले वक्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष, अजा मोर्चा के सभी पदाधिकारी और डॉ. आंबेडकर जयंती समारोह के जिला संयोजक शामिल होंगे।

### नान के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय 16 को कार्यभार संभालेंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के नव नियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव 16 अप्रैल को अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे। खास बात ये है कि यह कार्यक्रम बीटीआई मैदान शंकर नगर में रखा गया है। माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग जमा होंगे और यह एक तरह से शक्ति प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 16 अप्रैल बुधवार को यह कार्यक्रम बीटीआई मैदान शंकर नगर में सुबह 11.30 बजे होगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सरकार ने निगम-मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। कुछ अध्यक्षों ने अब तक संबंधित कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण किया है। लेकिन संजय श्रीवास्तव का कार्यभार ग्रहण एक सार्वजनिक कार्यक्रम में होगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस लिहाज से इसे शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

**गांव-गांव, शहर-शहर में लगी समाधान पेटियां**

# सुशासन तिहार : 3 दिन में मिले तीन लाख से अधिक आवेदन

## 11 अप्रैल तक आमजन से लिए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जनता-जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर आवेदन लिए जाने का सिलसिला जारी है। आम जनता से 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने के प्रथम चरण में तीन दिनों में तीन लाख 18 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 2 लाख 89 हजार 648 आवेदन विभिन्न मांगों से संबंधित है जबकि शिकायतों से संबंधित आवेदनों की संख्या मात्र 19 हजार 375 है।

### तीन चरणों में होगा अभियान

यहां यह उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए जा रहे हैं। लोग अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन अपने-अपने जिलों में ऑनलाईन, शिविर एवं समाधान पेटी में डाल रहे हैं। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायो के कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने हेतु समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे हैं।



### तीसरे चरण में पंचयतों में समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा, तथा यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी वहीं किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी। समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे, और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

### एक माह में होगा निराकरण

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सुशासन एवं पारदर्शिता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा, और एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व में ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र से 377 सरकारी नौकरी में

## 334 के खिलाफ शिकायत झूठी पाई गई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एससी, एसटी के फर्जी जाति प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी नौकरी करने की शिकायतें और मामले सामने आते हैं, इस तरह के मामलों की जांच के लिए बनी छानबीन समिति ने जब फर्जी जाति प्रमाणपत्रों के 711 प्रमाणपत्रों की जांच की, तो पाया गया कि 377 के जाति प्रमाणपत्र गलत या फर्जी हैं। समिति की इसी जांच से ये भी साफ हुआ कि 334 लोगों के जाति प्रमाणपत्रों की जांच की गई, तो शिकायतें गलत पाई गईं। यानी उनके प्रमाणपत्र सही निकले हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनी है समिति

खास बात ये है कि फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के आधार पर सरकारी नौकरी के मामलों को सुप्रीम कोर्ट ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश पारित कर एससी, एससटी, ओबीसी अधिनियम के प्रावधानों के मुताबित सामान्य प्रशासन विभाग ने जुलाई 2024 में उच्च सत्रीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति का पुनर्गठन किया है। यह समिति फर्जी जाति प्रमाण पत्रों से संबंधित शिकायतों की जांच करती है।



### समिति की हुई है छह बैठकें

उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने फर्जी जाति प्रमाण पत्रों की जांच के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में छह बैठकें की। इन बैठकों में जाति प्रमाण पत्रों के मामलों की जांच की गई। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में लंबे समय से फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के आधार पर सरकारी नौकरी करने के मामलों की शिकायतें रहीं है। बताया गया है कि इन मामलों में सैकड़ो कर्मी फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी करते पकड़े भी गए हैं। लेकिन जैसे ही ये लोग छानबीन समिति की पकड़ में आते हैं। सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट चले जाते हैं, वहां बरसों बरस मामलों की सुनवाई चलती रही है, तब तक वे नौकरी में बने रहते हैं।

# सरकारी अस्पतालों में जन्म लेते ही नवजात शिशुओं का आधार कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार द्वारा संचालित जन्म लिंक आधार पंजीकरण योजना के अंतर्गत, देश के प्रत्येक नागरिक को आधार कार्ड से जोड़ने की पहल को और सुदृढ़ बनाने के लिए अब सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं का आधार कार्ड बनाया जाएगा। यह कदम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी ढंग से प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। आधार कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थ ऑपरेटर्स को लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और नेशनल स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट इंडेक्स टेस्ट परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, जिसके लिए प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है | अब तक 6 स्वास्थ्य संस्थानों के ऑपरेटर्स ने इन मानकों को पूरा कर लिया है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के हाथों सफल उम्मीदवारों को टैबलेट और फिंगरप्रिंट स्कैनर उपकरण प्रदान किए गए हैं। योजना के तहत, प्रत्येक संस्थान में चाइल्ड एनरोलमेंट लाइट क्लाइंट किट, एंड्रॉइड टैबलेट और फिंगरप्रिंट डिवाइस की व्यवस्था की गई है, जो आधार पंजीकरण को तीव्र और सुगम बनाएगी। योजना की प्रगति की आयुक्त एवं संचालक, स्वास्थ्य सेवाएँ प्रियंका शुक्ला द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। संस्थानों से प्राप्त डेटा का भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है। शीघ्र ही यह योजना राज्य के सभी जिलों के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लागू की जाएगी।

■ ऑपरेटर्स को दिए गए टैबलेट और फिंगरप्रिंट स्कैनर

# डिप्टी सीएम ने कहा- नक्सली बंदूक छोड़ें और मुख्यधारा में लौटें, वार्ता के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, अगर नक्सली शांति वार्ता चाहते हैं, तो हम भी बातचीत के लिए तैयार हैं। नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़ समाज की मुख्यधारा में शामिल हों ये हम सभी चाहते हैं। उनके लाइफ सेटल होने तक सरकार उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा, सरकार के पास अभी साढ़े तीन साल का वक्त बचा है। इन साढ़े तीन सालों में सब कुछ ठीक हो जाएगा।

■ लाइफ सेटल होते तक खड़ी रहेगी सरकार

संवाददाताओं से चर्चा में डिप्टी सीएम ने कहा, नक्सलियों का एक खत सामने आया है। खत नक्सलियों के उत्तर पश्चिम सब जोनल कमेटी द्वारा जारी किया गया है। खत सब जोनल ब्यूरो रूपेश के नाम से लिखा गया है। खत की पुष्टि की गई है। खत नक्सलियों की ओर से ही जारी किया गया है। श्री शर्मा ने कहा, मैं भी मीडिया के जरिए उन तक ये बात पहुंचाना चाहता हूं कि आप हिंसा का रास्ता छोड़ें। नक्सलियों की ओर से जो खत जारी किया गया है, उसमें कहा गया है कि वो गांवों तक स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी और राशन दुकान के विरोधी नहीं हैं। गांवों तक बिजली, पानी और सड़क क्यों नहीं पहुंची, गांव के लोग टीवी से क्यों महरूम रहे।



### सरकार के साथ चलें तो नक्सलियों पर दर्ज केस वापस होंगे

*उप मुख्यमंत्री ने कहा, जिन नक्सलियों के पुराने प्रकरण हैं, जिसमें 5 साल या 7 साल हुए हैं, सरकार के साथ चलेंगे तो ऐसे प्रकरणों को भी वापस लिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री का साफ कहना है कि चाहे वह एक नक्सली हो या फिर कोई समूह हो या फिर कोई बड़ा लीडर हो हम सब के साथ वार्ता के लिए तैयार हैं। जो सरेंडर करना चाहता है वह सरेंडर भी कर सकते हैं। असम ने ऐसा प्रमाण भी प्रस्तुत किया है, जब बस्तर ओलिंपिक हो रहा था, असम के बोडोलैंड के आंदोलन वाले जो आतंकवादी कहे गए थे, जिन्होंने 10 हजार की संख्या में सरकार के सामने समर्पण किया था, जो वर्तमान में बड़ी-बड़ी संस्थाओं में काम करने के साथ ही कुछ विधायक भी हैं।*

### समिति और प्रतिनिधि नहीं बनाएंगे

माओवादियों के जारी किए गए खत में ये भी कहा गया कि शांति वार्ता के लिए बनी समिति के साथियों हम अपील कर रहे हैं कि इस वार्ता की प्रक्रिया को आगे ले जाएं। डिप्टी सीएम ने कहा, मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि ना कोई समिति है न कोई हम प्रतिनिधि बनाएंगे, इस तरह की समिति पहले बनाई गई थी, लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं हुआ। बस्तर तक विकास पहुंचे ये हमारी प्राथमिकता है, हम इसके लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा, सरकार न कोई समिति बनाएगी ना ही कोई प्रतिनिधि बनाएगी, इस बात पर सवाल विधानसभा में विपक्ष ने भी पूछा था, वहां भी हमने स्पष्ट रूप से कहा था कि हम कोई समिति नहीं बनाएंगे। किसी को भी वार्ता के लिए नहीं भेजेंगे। नक्सली चर्चा करना चाहते हैं, इसके लिए सरकार तैयार है। अच्छी पुनर्वास नीति के साथ हम बातचीत के लिए तैयार हैं।

### सरकार की पुनर्वास नीति

डिप्टी सीएम ने कहा कि नक्सलियों ने पत्र में जिस समिति की बात लिखी है, उसकी कोई जानकारी हमारे पास नहीं है। अगर ऐसी कोई समिति है, तो हम उसकी पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी और गारंटी लेते हैं। आएं बैठें और सरकार से चर्चा करें। उन्होंने नई पुनर्वास नीति को लेकर बताया कि इस नीति के तहत प्रावधान है कि नक्सली सरेंडर करके सरकार के साथ चलेंगे, तो उनके खिलाफ जो प्रकरण और मामले हैं, उन्हें सरकार वापस ले लेगी, कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

**शावेल मशीन और डम्फर में चढ़कर कोयला उत्पादन, परिवहन की गतिविधियां समझी**

# केंद्रीय मंत्री ने खदान में उतरकर, कोयला उत्पादन की प्रक्रिया को करीब से देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को कोरबा जिले में स्थित भारत के सबसे बड़े और विश्व के दूसरे बड़े कोयला खदान का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यू पॉइंट पर जाकर साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड (एसईसीएल) गेवरा खदान में कोयला उत्खनन-परिवहन की प्रक्रिया देखी।

उन्होंने यहां आधुनिक तकनीकों के साथ किए जा रहे कोयला उत्पादन की प्रक्रिया को समझने के साथ ही खदान क्षेत्र में शावेल मशीन और डम्फर में चढ़कर लोडिंग और परिवहन की स्थिति को जाना। खदान के सरफेस एरिया में जाकर उन्होंने सरफेस माइनर से कोयला कटिंग को देखने के साथ ही हाथों में कोयला उठाकर क्वालिटी को परखा।



कोयला एवं खान मंत्री ने गेवरा कोल एरिया के साइलो का भी अवलोकन किया और ट्रैक में कोयला लोडिंग की जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने गेवरा खदान व्यू पॉइंट स्थल पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एसईसीएल क्षेत्र में कोयला उत्पादन को लेकर किये जा रहे कार्य, परिवहन, तकनीकी समावेश, सामुदायिक विकास, पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों को भी जाना। मौके पर उपस्थित एसईसीएल के अधिकारियों ने कोयला उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी दी।

अधिकारियों ने केंद्रीय कोयला और खान मंत्री श्री रेड्डी को खदान क्षेत्र की सम्पूर्ण गतिविधियों को साझा किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ काम किया जा रहा है। पर्यावरण के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### माइन क्लोजर एक्टिविटी के लिए बनेगा एक्शन प्लान

उन्होंने कोयला उत्पादन को बढ़ाने के साथ ही आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेश पर माइन क्लोजर एक्टिविटी के लिए एक्शन प्लान बनाने और अगले तीन वर्षों में पर्यावरण के मानकों के अनुरूप इस दिशा में कार्य करते हुए ग्रीनरी डेवलप की बात कही। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने एसईसीएल के उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने एसईसीएल श्रमिकों से चर्चा की और उनकी मांगों और सुझावों के विषय में ध्यान देने की बात कही।

# सिंहदेव ने कहा- पार्टी में परफॉर्मेंस बेस एसेसमेंट होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए एक बयान पर सियायत गरमा गई है। काम नहीं करने वालों को हटाने के बयान पर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा, जो काम नहीं करते वो खुद से कभी जगह नहीं छोड़ेंगे। पार्टी में परफॉर्मेंस बेस एसेसमेंट सिस्टम होना चाहिए, इसी आधार पर एक्शन, परिवर्तन खुलेआम होना चाहिए।



टीएस सिंहदेव ने कहा, मैं 72 साल का हूं, मुझमें अभी भी ऊर्जा है। नए लोग किसी भी उम्र के हों परफॉर्मेंस आधार होना चाहिए। कोई युवा है और परफॉर्म नहीं कर पा रहा तो क्या मतलब। दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अहमदाबाद में हुई एआईसीसी बैठक में पार्टी नेताओं को सख्त संदेश देते हुए कहा था कि 'जो लोग पार्टी के काम में हाथ नहीं बटाते उन्हें आराम करने की जरूरत है और जो जिम्मेदारी नहीं निभाते, उन्हें रिटायर हो जाना चाहिए। यह बयान कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए एक सख्त चेतावनी है, लेकिन पार्टी का पुराना रिकॉर्ड इस पर सवाल खड़ा करता है।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन में कई नेत्रियां हुईं शामिल

**तिल्दा नेवरा।** कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन गुजरात में सम्पन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ के कई कांग्रेसी नेत्रियों ने शिरकत की व अपनी अपनी बातें उक्त अधिवेशन में रखी। पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, प्रतिमा चंद्राकर, अनिल भेड़िया , सुमिता धृतलहरे , अम्बिका मरकाम आदि कांग्रेसी नेत्रियों ने गुजरात राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन में शामिल होकर प्रमुखता से अपने विचार रहे है। साथ ही छत्तीसगढ़ के मुद्दों पर भी उक्त नेता मुखर हुए।

### तोषण बने तामासिवनी भाजपा मंडल अध्यक्ष



**आरंग।** ग्राम चरौदा के किसान पुत्र तोषण साहू को भारतीय जनता पार्टी ने तामासिवनी चम्पारण मंडल का मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किया। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। सभी कार्यकर्ताओ ने उनके निवास पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर हर्ष मनाया। आरंग जनपद उपाध्यक्ष रिंकू चन्द्राकर, अभनपुर जनपद सदस्य विवेक तिवारी, निर्मल साहू, बलराम साहू, गौतम साहू, रूपेश निर्मलकर, आशाराम साहू, रितेश साहू, रविकांत तारक, विनोद साहू सहित कार्यकर्ताओं उन्हें बधाई दी।

### रामायण सम्मेलन का आज समापन

**आरंग।** ग्राम गिधवा मे मंगलवार से त्रि दिवसीय रामायण सम्मलेन जारी है। जिसका समापन 11 अप्रेल को शोभायात्रा व भंडारा के साथ होगा। रामायण श्रवण हेतु अधिक संख्या मे श्रद्धालू पहुंच रहे है।

### सुशासन शिविर में बड़ी संख्या में मिले आवेदन



**तिल्दा नेवरा।** भाजपा द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है। प्रथम चरण में शिवर 8 से 11 अप्रैल तक लोग अपनी शिकायतें शिविर स्थल पर पेटी में डालेंगे। तिल्दा नेवरा में भी शिविर लगाया जा रहा है। बुधवार को यह सुशासन शिविर तिल्दा बस्ती के मां मावली माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। शिविर सुबह 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। नगर पालिका के स्वास्थ्य चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के सभापति रानी सौरभ जैन जबलपुर प्रवास से आते ही आज शिविर स्थल पहुंची और लोगों की समस्याएं सुनी।

# परसतराई सत्संग में संत कबीरदास की वाणी ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

## दोहों और साखी से किया विसंगतियों पर प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ग्राम परसतराई हाल ही में भक्ति और ज्ञान की त्रिवेणी में सराबोर हो उठा। तीन दिवसीय सत्संग समागम का भव्य आयोजन, जिसमें दूर-दूर से संत महात्माओं और श्रद्धालुओं का समागम हुआ, आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत केंद्र बन गया। इस समागम का मुख्य स्वर संत कबीर के अमर वचनों और उनके द्वारा दिखाए गए जीवन-दर्शन पर केंद्रित रहा। महंत श्री कन्हैया दास शास्त्री ने अपने प्रवचनों कहा कि कबीर के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही सही अर्थों में जन कल्याण संभव है। उन्होंने बताया कि कबीर एक महान समाज सुधारक और संत थे, जिन्होंने अपने दोहों और पदों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों और पाखंडों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और धार्मिक भेदभाव जैसी संकीर्णताओं से ऊपर उठकर मानव एकता और प्रेम का संदेश दिया।






### इनकी रही महती भूमिका

कार्यक्रम अध्यक्ष श्री खूबी राम साहू,उपाध्यक्ष खिलावन साहू,विष्णु साहू,मोहित साहू,सुखदास साहू,मनहरण साहू,बेनी राम साहू,चिंटू साहू, बैरागी साहू,ललित साहू,अरुण साहू,भूपेंद्र साहू,धर्मेंद्र साहू,दुलित साहू,जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद,पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा,सरपंच श्रीमती अंजली प्रकाश निषाद,उप सरपंच दिलेश्वर चौहान,ग्राम सभा अध्यक्ष युवराज चंद्रवंशी सहित ग्रामीण उपस्तिथ थे।

### सामाजिक समस्याओं हुआ विचार विमर्श

सन्त समागम के दौरान, संतों ने वर्तमान सामाजिक समस्याओं पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज समाज में हिंसा, भ्रष्टाचार और स्वार्थ की भावना बढ़ रही है, जिससे मानव जीवन अशांत हो गया है। इस स्थिति में, कबीर के 'कर्म करो फल की इच्छा मत करो' और 'बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय, जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय' जैसे उपदेश हमें आत्मनिरीक्षण करने और अपने भीतर के बुराइयों को दूर करने की प्रेरणा देते हैं।इस तीन दिवसीय सत्संग समागम का समापन एक विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रेम और सद्भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी संतों, श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## समस्या : कई गांवों में पानी के लिए मची है त्राहि-त्राहि, सरकार की योजना केवल खानापूर्ति

# धरसींवा में जल जीवन मिशन फेल, जलसंकट गहराया व खारुन नदी सूखने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- गांवों में बिछी पाइप लाइन की अधूरी तो कही टूटी-फूटी, मांढर में स्थिति भयावह

खास खबर







राजधानी रायपुर के धरसींवा ब्लाक में इन दिनों भीषण गर्मी की तपिश अब आम जनजीवन के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों पर भी कहर बरपा रही है। उद्योग नगर सिलतरा से लेकर धरसींवा क्षेत्र तक जल संकट गहराता जा रहा है। जीवनदायिनी खारुन नदी, जो कभी इस क्षेत्र की प्यास बुझाती थी, अब सूखने के कगार पर है। वहीं, सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना भी इस संकट के सामने दम तोड़ती नजर आ रही है, जिससे लोगों की उम्मीदें धराशायी हो गई हैं।बात करे ग्राम मांढर की तो जल संकट भयावह की स्थिति निर्मित हो गई है। राजधानी रायपुर से लगे इलाका की अगर बात करे तो धरसींवा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी हालात बदतर हैं। खारुन नदी के सूखने से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं है, जिससे किसानों की फसलें मुरझाने लगी हैं। पीने के पानी के लिए भी लोगों को दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे तपती धूप में कई किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाने को मजबूर हैं। यह स्थिति मानवीय त्रासदी से कम नहीं है। वही सरकार ने हर घर तक नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी। लेकिन सिलतरा और धरसींवा क्षेत्र में इस योजना का क्रियान्वयन सवालों के घेरे में है। जमीनी स्तर पर पाइपलाइन बिछाने का काम या तो अधूरा है या फिर गुणवत्ताहीन है। कई गांवों में तो अभी तक नल कनेक्शन ही नहीं पहुंच पाया है। ऐसे में, जब नदी ही सूख गई है, तो नल में पानी आने की उम्मीद भी धूमिल हो गई है। यह विडंबना ही है कि एक तरफ सरकार करोड़ों रुपये जल जीवन मिशन पर खर्च कर रही है, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। यह स्पष्ट रूप से योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही और भ्रष्टाचार को दर्शाता है।

### जल जीवन मिशन की टंकी तो बनी पर लाभ नहीं

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, जल जीवन मिशन, जिसका उद्देश्य देश के हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, कई क्षेत्रों में कागजी शेर साबित हो रही है। ऐसा ही हाल देखने को मिल रहा है उन इलाकों में जहां मिशन के तहत पानी की टंकियां तो बनकर तैयार हो गईं, लेकिन लोगों के घरों तक नल से पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची। यह स्थिति न केवल योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठाती है, बल्कि सरकार की खानापूर्ति वाली कार्यशैली को भी उजागर करती है।ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट एक गंभीर समस्या है, और जल जीवन मिशन इसी समस्या के समाधान के लिए शुरू किया गया था। लोगों को उम्मीद थी कि अब उन्हें पीने और दैनिक उपयोग के लिए पानी लाने के लिए दूर-दूर तक भटकना नहीं पड़ेगा। लेकिन, कई गांवों में स्थिति जस की तस बनी हुई है। नई पानी की टंकी गांव के बाहर शान से खड़ी है, मानो विकास का प्रतीक हो, लेकिन इस टंकी से जुड़े नल आज भी सूखे पड़े हैं।

# मनवा कुर्मी समाज का अधिवेशन 13 से, सहभागिता के लिए निकाली बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रदेश स्तरीय महाअधिवेशन इंडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब रायपुर में 13 एवं 14 अप्रैल को प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु केंद्रीय एवं समस्त राज के युवा एवं महिलाओ के सहभागिता से सद्भावना बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसे केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा एवं रायपुर राज के सचिव सुनील नायक ने बताया कि इस सद्भावना बाइक रैली का उद्देश्य सामाजिक जन चेतना के साथ ही समाज के लोगों में आपसी भाई चारा एवं भातृत्वभाव का संचार करते हुए सामाजिक संगठन को सशक्त कर समाज के 79 वाँ महाअधिवेशन को सफल बनाने हेतु आयोजित किया गया। उक्त बाइक रैली मे सैकड़ो की संख्या मे कुर्मी समाज के लोग सम्मलित हुए। सद्भावना बाइक रैली शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मोवा के खेल मैदान से प्रारंभ हो कर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए इनडोर स्टेडियम रायपुर में समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष जगेश्वर बघेल, रायपुर राज प्रधान जगेश्वर वर्मा, छत्तीसगढ़ के समस्त राज प्रधान, पार्षदगण मनोज वर्मा, प्रदीप वर्मा, जयश्री नायक, आशु चंद्रवंशी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल ने रैली का शुभारंभ किया। सद्भावना बाइक रैली आरंभ होने के पूर्व आयोजित सामाजिक सभा को मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महान पुरोधा डॉक्टर खूबचंद बघेल एवं स्वामी आत्मानंद, के छायाचित्र में माल्यार्पण किया गया।

# स्टार नाइट में अनुराग शर्मा ने मचाया धूम...



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सरोरा में श्रीराम सेवा समिति द्वारा अनुराग शर्मा का स्टार नाइट छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे देखने सुनने बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा थे। इस अवसर पर भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य शैल महेंद्र साहू, तिल्दा नेवरा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि बैतल साहू, सरपंच प्रतिनिधि विश्राम साहू, विकाश सुखवानी, फ्रेंडस क्लब के संरक्षक शरद ठाकुर सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी शामिल हुए।

# रेलवे क्रासिंग के पास पीपला ने बनाया राहगीर आशियाना

**आरंग।** गुरुवार को महावीर जयंती के अवसर पर नगर के स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने आरंग राजिम मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के समीप राहगीरों के लिए आशियाना का निर्माण किए हैं। जिससे कि राहगीरों को चिलचिलाती धूप से राहत मिल सके। फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया इस मार्ग पर डबल रेल लाइन होने से गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गई है। हर घंटे तीन चार बार गाडियां क्रासिंग होती है और अधिकतर बार तो एक बार फाटक बंद होने पर दो-तीन गाड़ियां क्रासिंग होती है। स्टेशन से लाकिंग सिस्टम होने के कारण फाटक खुलने में 20 से 25 मीनट तक लोगों को चिलचिलाती धूप में गाड़ियां क्रासिंग होने का इंतजार करना पड़ता है। आस-पास कोई छांवदार वृक्ष या प्रतीक्षालय भी नहीं है। जहां रुककर यात्री इंतजार कर सके। हालांकि पीपला फाउंडेशन के सदस्यों ने यहां छांव के लिए पौधे रोपित किए हैं जो अभी छोटे हैं। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए फाउंडेशन के



सदस्यों ने संबलपुर डीआरजी मेंबर को पत्र लिखकर यहां स्थाई रूप से यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कराने की मांग किए है। किंतु अभी तक रेलवे द्वारा कोई पहल नहीं करने से फाउंडेशन के सदस्यों ने अस्थाई रूप से खांसपूस से आशियाना बनाकर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं यात्रीगण फाउंडेशन कि इस पहल का स्वागत करते हुए मुक्त कंठ से सराहना कर रहे है। ज्ञात हो कि यह संस्था विगत तीन वर्षों से यहां पर यात्रियों के लिए अस्थाई रूप से प्रतीक्षालय का निर्माण करते आ रहे हैं। वहीं प्रतीक्षालय के निर्माण में फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, संयुक्त सचिव संजय मेश्राम, सक्रिय सदस्य रमेश देवांगन, चरौदा के समाजसेवी मुन्ना साहू ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# निः शुल्क शिविर में 240 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- भगवान श्री महावीर की जयंती पर दिगंबर जैन समाज का आयोजन



श्री महावीर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सकल दिगंबर जैन समाज तिल्दा नेवरा एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में हृदय रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग, एवं गाढीया रोग, शुगर , बीपी आदि का निः शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन आज 10 अप्रैल को सुबह 9 बजे से श्री 1008 दिगंबर जैन मंदिर नेवरा में आयोजित किया गया था। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरो डॉ पवन जैन बाल रोग, डॉ प्रणय जैन हृदय रोग, डॉ नमन जैन वात रोग, डॉ ऋषभ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम उपस्थित होकर जांच कर सलाह दिए। शिविर में 240 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। वहीं शिविर स्थल पर आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया जिसमें 110 लोगो ने लाभ लिया। नगर पालिका स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के सभापति रानी सौरभ जैन विशेष रूप से सुबह से उपस्थित होकर शिविर में आए लोगों को मदद करती नजर आई।

वहीं उक्त शिविर स्थल पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, भाजपा नेता राम पंजवानी, अनिल अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल, सौरभ जैन, ईश्वर यदु, मनोज निषाद , दीपक शर्मा सुदेश जैन, सहित जैन समाज के गणमान्य जन, सहित शहर के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित हुए। वहीं समाज द्वारा उपस्थित समस्त डाक्टरों और उनकी टीम का सम्मान किया गया। वहीं शिविर को सफल बनाने में डॉ सूरजभान सैनी, महेंद्र जैन, सौरभ जैन, सुदेश जैन, राकेश जैन, नरेन्द्र जैन, कान्हा अग्रवाल, नवीन जैन, प्रफुल्ल जैन, शैलेश, मनीष जैन, गौरव जैन, अंकित, सूचित जैन, निखिल जैन, पुष्पा जैन, अनिता जैन, किरण, मीना, नेहा जैन, निधी, सोनू, निशा, सपना जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

# निमोरा में पार्थिव शिव लिंगों का निर्माण करके किया सहस्त्रधारा महारुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम निमोरा मे 400 से अधिक तीर्थ स्थानो से लाया गया जल व मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर महारूद्राभिषेक एवं इसी तीर्थ स्थानो के जल से भगवान स्फटीक शिवलिंग का हजार धारा से अभिषेक प्रधानाचार्य आचार्य प्रमोद शास्त्री एवं यज्ञाचार्य आचार्य रामप्रताप शास्त्री एवं 51 वैदिक विद्धानो के सानिध्य मे नमक चमक आवित के द्वारा यह अभिषेक संपन्न हो रहा है।

प्रतिदिन 8 बजे से 1बजे तक पंचवेदियो एवं मंडप पूजन एवं द्वितीय सत्र मे एकादश नमक चमक आवित के द्वारा भगवान रूद्र नारायण को आहूति प्रदान की जा रही है,इस पंच कुंडीय अतिरूद्र महायज्ञ मे पांचो कुंडो की अलग अलग महिमा बताई गई है प्रथम जनकल्याण के लिए,दूसरा सुंदर स्वस्थ संतान के लिए,तीसरा रोगो की मुक्ति के लिए,चौथा लक्ष्मी प्राप्ति के लिए, पांचवा जीवन मे अनुकुलता पाने के लिए आहूति प्रदान की जा रही है साथ ही इस महायज्ञ मे उमेशानंद गिरिजी महराज, रामबालकदास जी महराज, दण्डीस्वामी इंदुभवानंद जी आदि प्रकाट्य विद्धानो का प्रवचन लगातार चलता रहता है जिसमे बड़ी संख्या मे भक्त कथा का श्रवण कर रहे है। रात्रि मे 8 से 10 बजे तक अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम जगराता, पंडवानी, रामायण, कवि सम्मेलन आदि का आयोजन हो रहा है।



### सर्व कल्याण की भावना से प्रेरित है अनुष्ठान

इस संबंध मे आयोजनकर्ता मूर्तिकार पीलूराम साहू ने चर्चा करते बताया कि हम एक मध्यम वर्गीय पविार से है,इतने बड़े यज्ञ करवाने का हमारी हैसियत नही है यह सब मां महाकालेश्वरी माता की कृपा से हो रहा है उन्होने बताया कि इस यज्ञ की तैयारी विगत 5 वर्षो से की जा रही थी 400 से अधिक तीर्थस्थानो का जल व मिट्टी एकत्रित कर यह यज्ञ संपन्न हो रही है पीलू राम साहू द्वारा 2011 मे भी सतचंडी महायज्ञ एवं 2017 मे सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन कराया जा चुका है उन्होने बताया कि माता जी के आशीर्वाद से जनकल्याण के लिए यह आयोजन संपन्न हो रहा है प्रतिदिन हजारो श्रद्धालु परिक्रमा करने पहुंचते है यज्ञ की परिक्रमा मे एक एक पग चलने से एक एक अश्वमेघ यज्ञ का पुण्यफल सहज रूप से प्राप्त होता हे ऐसा हमारे प्रचीन वेदो मे वर्णित है तथा क्षेत्रवासियो से निवेदन है कि सभी भक्त आकर यज्ञ नारायण का दर्शन लाभ ले महायज्ञ के पूर्णाहूति हनुमान जंयती के अवसर पर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज आशीर्वाद देने आ रहे है साथ ही यज्ञ का लाभ लेने बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि पहुंच रहे है।

# पोषण पखवाड़े में आंबा में हो रहे विविध कार्यक्रम

**आरंग।** गुरुवार को सेक्टर पलौद के ग्राम कोटराभाठा में पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक आशा पात्रे ने बताया कि पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ियों में आयोजित हो रहा है। जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधि कराई जाती है तथा पोषण संबंधी जागरूकता क्षेत्र में दी जाती है। इस कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी रखी गई थी जिससे ग्रामीण जनता को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मध्य कुपोषित व गंभीर



कुपोषित बच्चों की ऊंचाई व वजन करके उन्हें कुपोषित से सुपोषित करने के लिए समुदाय को भी आवाहन किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त का संचालक अर्चना राणा सेठ, सेक्टर पर्यवेक्षक आशा पात्रे, ग्राम सरपंच संतोषी ललित यादव तथा कार्यकर्ता सहायिका व ग्राम की महिलाएं शामिल हुए।

**G.R.GROUP OF INDUSTRIES**

**G.R.Sponge And Power Ltd. Unit I, Unit II And Ferro Division, N.R.Sponge Pvt. Ltd Phase II Industrial Area Siltara Raipur C.G Pin No. 493111**

**MEDICAL OFFICER REQUIRED FOR G.R.GROUP OF INDUSTRIES**

| S.N. | Name of Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | AFIH Doctor | MBBS + AFIH |

Intrested Candidates may please send their self attested BIO-DATA with resend Coloured Passport Photo, Scanned Copy of Certificate in support of DOB, Qualification, MCI Registration Certificate, catagory Experience to hr@grgroupindia.com



## खबर संक्षेप



### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

**रायपुर।** एमिटी अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय रायपुर में 'ग्रेजुएशन डे' का रंगारंग और भावनात्मक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया। यह प्रस्तुति जीवंत और ऊर्जावान थी, जिसने उत्सव के माहौल में पहुंचा दिया। ग्रेड नर्सरी के नन्हे बच्चों ने रंगबिरंगे नृत्य प्रस्तुत किए। नृत्य, गीत और अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास और मेहनत साफ झलक रही थी। समारोह का सबसे विशेष क्षण तब आया, जब ग्रेड यूकेजी के बच्चों को 'स्नातक प्रमाणपत्र' प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्पिता मजूमदार ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों के विकास की सराहना की। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के चौहान, डॉ. अमिता चौहान सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन का किया स्वागत



**रायपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन प्रहलाद रजक का लखनऊ उत्तरप्रदेश से प्रवास से लौटते वक्त एयरपोर्ट पर प्रदेशभर के हजारों धोबी समाजजनों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। साथ ही उत्साहित समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। एयरपोर्ट से काफिला प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां प्रदेश प्रभारी अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व विधायक सियाराम साहू सहित अन्य पदाधिकारियों से भेंट कर प्रहलाद रजक की नियुक्ति पर आभार जताया।

### हनुमान जन्मोत्सव एवं महाआरती कल, महाभंडारा 13 को

**रायपुर।** पचपेड़ी नाका स्थित दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया है। मंदिर के संस्थापक पं. राजेंद्र पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष भी शनिवार को दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमानगढ़ी जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 5.30 बजे जन्म महोत्सव मनाया जाएगा और रात्रि 8 बजे महाआरती होगी। दूसरे दिन 13 अप्रैल को महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।



# परीक्षा में बेहतर अंक दिलाने का झांसा देने वाला गिरोह सक्रिय, मुख्यालय ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

माध्यमिक के साथ ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा आयोजित होने के बाद अंक बढ़ाने के साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थी तथा पालकों को जालसाजों से सतर्क करने अलर्ट जारी किया गया है।

## बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद पास कराने का झांसा देने वाला गिरोह सक्रिय




### जालसाजों से बचने के उपाय बताए

*मुख्यालय द्वारा जारी अलर्ट में जालसाजों से बचाव के तरीके बताए गए हैं। मुख्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक पालकों, शिक्षकों और विशेषकर बच्चों को यह जानकारी होना चाहिए कि किसी भी परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण कराने एवं नंबर बढ़ाने के संबंध में कोई भी कॉल या लिंक प्राप्त होता है, तो ऐसे कॉल्स का जवाब न दें और पुलिस को सूचित करें। साथ ही इस संबंध में यदि कोई लिंक प्राप्त होता है तो लिंक को न खोलें। अपनी बैंकिंग जानकारी ओटीपी, यूपीआई डिटेल्स आदि किसी के साथ साझा न करें। ऐसे सूचनाओं की पुष्टि स्कूल या परीक्षा केंद्र से करें। त्रुटिवश कॉल्स रिसिव कर लेने या लिंक खोलने पर ठगी का शिकार होने की स्थिति में इसकी शिकायत तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराते हुए निकटतम पुलिस थानें में इसकी सूचना देने के लिए कहा है।*

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक परीक्षा होने के साथ ही अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षा होने वाली है। इसका फायदा उठाने साइबर ठग परीक्षार्थी तथा उनके पालकों को शिक्षा विभाग से जुड़े होने का दावा करते हुए परीक्षा में पास कराने बेहतर अंक दिलाने कम्प्यूटर डेटा चेंज करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बना सकते हैं। इसके लिए जालसाज फीस या चार्ज के नाम पर बैंक एकाउंट या यूपीआई डिटेल्स प्राप्त कर ठगी का शिकार बना सकते हैं। ऐसे तत्वों पर निगरानी रखने राज्य की साइबर पुलिस टीम द्वारा निगरानी करने की व्यवस्था की गई है।

## ज्यादातर केंद्रों में 25 प्रतिशत से भी कम डाटा ही ऑनलाइन एंट्री

# गर्मी में बदला आंगनबाड़ी केंद्रों का समय, 4 घंटे ही खुल रहे, मोबाइल की सुविधा नहीं, इसलिए एप में एंट्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों की तरह आंगनबाड़ी केंद्रों के समय और घंटे दोनों में एक अप्रैल से बदलाव किया गया है। इसके तहत अब सभी आंगनबाड़ी सुबह 7 से 11 बजे तक खोले जा रहे हैं। इससे पूर्व सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक खोले जाते थे। इस तरह समय में बदलाव के साथ इसके संचालन के समय में 2 घंटे कम भी किए गए हैं। समय में किए गए बदलाव से आंगनबाड़ी पहुंचने वाले बच्चों और महिलाओं को भी काफी राहत मिल रही है, क्योंकि इन केंद्रों में गर्मी से राहत दिलाने के लिए कूलर तक की व्यवस्था नहीं है। इधर दूसरी ओर केंद्रों में पोषण ट्रैकर एप लागू किया गया है। मोबाइल एप्लिकेशन एप के माध्यम से ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्रों में दर्ज हितग्राहियों के साथ खुद का सारा डाटा अनिवार्य रूप से अपलोड करना है, लेकिन इस एप से कार्यकर्ताओं को एंट्री करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण ज्यादातर केंद्रों में 25 प्रतिशत से भी कम डाटा ही ऑनलाइन एंट्री की गई है।

हरिभूमि ने गुरुवार को शहर में आंगनबाड़ी केंद्रों की पड़ताल की। इस पड़ताल में पता चला कि गर्मी के कारण सभी केंद्रों के खुलने के समय में बदलाव किया गया है। इसके तहत सुबह 7 बजे से 11 बजे तक केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इस बदलाव से हितग्राहियों को दोपहर की तेज गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन बच्चे अभी भी गर्मी से परेशान हो रहे हैं। गर्मी से बचाने के लिए केंद्रों में कूलर आदि की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण बच्चे भी आंगनबाड़ी केंद्रों में ज्यादा समय तक बैठ नहीं रहे हैं।







### बच्चों के आधार भी बने नहीं

केंद्रों में ऐसे कई केंद्र हैं, जहां आधे से ज्यादा बच्चों के आधार ही बन नहीं पाए हैं। इन केंद्रों में अब तक बिना आधार के ही बच्चों को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जबकि नए एप नियम के तहत जिन बच्चों को केंद्रों में लाभ दिया जा रहा हैं, उन सभी के आधार भी अपलोड करना अनिवार्य है। ऐसे में जिनके आधार बन नहीं पाए हैं, उन बच्चों को आगामी महीनों में योजना का लाभ नहीं दिए जाने की भी संभावना बनी हुई है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आधार को ऑनलाइन करना अनिवार्य जरूर किया गया है, लेकिन किसी कारण से बन नहीं पाए हैं तो उसके बनते तक योजना का लाभ मिलता रहेगा, उसमें कटौती नहीं की जाएगी।

**केस:1** मठपुरैना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 10 के संचालिका कार्यकर्ता महेश्वरी देवांगन ने बताया कि मोबाइल एप के माध्यम से एंट्री करना शुरू किया है, लेकिन बहुत दिक्कत आ रही है। मोबाइल ज्यादा उपयोग किया नहीं अब करना पड़ रहा है। उनका मोबाइल बहुत सस्ता और पुराना है, जिसमें सर्वर की समस्या भी है। इसके कारण एंट्री करने में परेशानी हो रही है। 122 बच्चे हैं, जिनमें कईयों के आधार बने नहीं पाए हैं। उनके माता-पिता को जल्दी बनाने कहा गया है।

**केस:2** मठपुरैना भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 9 की संचालिका कार्यकर्ता शोभा दुबे ने बताया कि उनके यहां 32 बच्चों के नाम दर्ज हैं, लेकिन 50 बच्चे ऐसे हैं, जो सुपोषण चौपाल के दिन उनके केंद्र में आते हैं। इनमें ज्यादातर बच्चों के आधार बने नहीं हैं। मोबाइल का बहुत कम उपयोग करती हूं, लेकिन अनिवार्य किया गया है, इसलिए इस्तेमाल करना पड़ रहा है। एंट्री करने में परेशानी हो रही है। ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्रों में ऐसी स्थिति ही है। यहीं कारण है कि जिले में एप से एंट्री के कार्य धीमी गति से चल रहे हैं।

### महंगा मोबाइल नहीं, इंटरनेट की स्पीड कम, इसलिए ऑनलाइन एंट्री में आ रही दिक्कत

*सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल करने पोषण ट्रैकर एप लागू किया है। यह मोबाइल एप्लिकेशन एप है, जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड कर उसमें अपना और हितग्राहियों को योजना के तहत दिए जाने वाले पोषण आहार का हितग्राही के साथ लाइव फोटो अपलोड करना है। इस कार्य के लिए कार्यकर्ताओं को अच्छा महंगा मोबाइल के साथ फास्ट इंटरनेट की सुविधा भी होना, लेकिन ज्यादातर कार्यकर्ताओं के पास खुद के पुराने और सस्ते मोबाइल है, जिसमें थ्रीजी व फोरजी इंटरनेट की सुविधा है। इसके कारण मोबाइल में एप डाउनलोड तो रहा है, लेकिन फास्ट चल नहीं पा रहा है, जिसके कारण डाटा की एंट्री भी ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक ओर जहां सर्वर की समस्या आ रही है, वहीं वे मोबाइल का इस्तेमाल भी बहुत कम करती हैं, ऐसे में सारी चीजों की एंट्री मोबाइल में करने में परेशानी आ रही है।*

## मानव श्रृंखला बनाकर श्रमदान

# चंगोराभाठा के महादेवा तालाब में महापौर ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मित्र, स्वच्छता दीदी, स्वयंसेवी संगठनों ने स्वस्फूर्त होकर किया सहयोग

महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को चंगोराभाठा क्षेत्र स्थित महादेवा तालाब में श्रमदान किया। इस मौके पर मानव श्रृंखला बनाकर वार्ड वासियों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वच्छ सरोवर का संदेश दिया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान की यह एक कड़ी रही। नगर निगम जोन 5 के डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड में महादेवा तालाब को स्वच्छ रखने शहर की प्रथम नागरिक मीनल चौबे ने श्रमदान किया।

इस मौके पर वार्ड पार्षद दुर्गा-यादराम साहू, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, लाखेनगर मंडल अध्यक्ष सचिन सिंघल, नगर निगम जोन 5 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू सहित गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर तालाब से कचरा उठाकर श्रमदान में सहभागी बने।

### व्यापम भर्ती परीक्षा की कोचिंग देगा रविवि

**रायपुर।** यूजीसी नेट की कोचिंग देने के बाद अब पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए भी कोचिंग देने की तैयारी है। व्यापम द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जाने वाली है। रविवि इसके लिए 23 अप्रैल से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निशुल्क कोचिंग देगा।

# गार्डन में लगे ओपन जिम के उपकरण दो साल से खराब, नियमित सफाई भी नहीं, फैली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कई उद्यानों में लगे ओपन जिम के उपकरण खराब पड़े हुए हैं। इन उपकरणों का पिछले दो साल से ज्यादा समय से मेंटनेंस तक नहीं किया गया है, जिसके कारण सुबह और शाम को वॉक और एक्सरसाइज करने पहुंचने वाले लोग इन उपकरणों का उपयोग भी नहीं कर पा रहे हैं।

अमलीडीह तालाब गार्डन की भी कुछ ऐसा ही स्थिति है। यहां लगे जिम के ज्यादातर उपकरण पिछले करीब दो साल से खराब पड़े हुए हैं, जिसके कारण लोग भी एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं। यही नहीं, गार्डन की नियमित सफाई भी नहीं की जा रही है, जिसके कारण गार्डन में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। इस गंदगी से वॉक, एक्सरसाइज एवं व्यायाम करने पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### नेकी की दीवार में कचरे के समान कपड़ों का ढेर

गार्डन के बाहर नेकी की दीवार है। इस दीवार में लोग जरूरत मंद लोगों के लिए पुराने कपड़े रखकर जाते हैं। कई जरूरतमंद लोग इन कपड़ों को छांटकर अपने उपयोग के लिए लेकर भी जाते हैं, लेकिन छांटने के बाद लोग कपड़ों को दीवार के बाहर सड़क तक बिखेरकर चले जाते हैं, जिसके कारण नेकी की दीवार के सामने कचरे के ढेर के समान कपड़ों का ढेर लगा रहता है। कभी-कभी इन कपड़ों के ढेर से भी बदबू उठने लगती हैं, जिसके कारण गार्डन आने वाले लोगों को परेशानी होती है।

# एक साल में 1132 गाड़ियां, 36 मशीनें पकड़ाईं 3 करोड़ 85 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग ने पिछले एक वर्ष के दौरान रेत, मुरुम, गिट्टी एवं फर्शी पत्थर के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के प्रकरणों में 1132 गाड़ियों को पकड़ा है। इसके अलावा पोकलेन व चेन माउंटेन सहित 36 मशीनें भी जब्त की गई हैं। इस तरह सभी प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए विभाग ने 3 करोड़ 85 लाख रुपए से ज्यादा राशि अर्थदंड के रूप में गाड़ियों के मालिकों से वसूल किया है। विभाग के अधिकारी केके गोलघाटे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज सामग्री के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों के खिलाफ जमकर अभियान चलाया है। यह अभियान का ही परिणाम है कि जिले में इतनी बड़ी संख्या में गाड़ियों को पकड़कर जुर्माना राशि वसूल की है।

*जिले में खनिज विभाग ने रेत, मुरुम, गिट्टी, फर्शी पत्थर के अवैध उत्खनन-परिवहन व भंडारण मामल में की कार्रवाई*




### एक वर्ष में की गई कार्रवाई एक नजर में

| | प्रकरण | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| अवैध परिवहन | 1038 | 3 करोड़ 11 लाख 40 हजार |
| अवैध उत्खनन | 87 | 67 लाख 93 हजार |
| अवैध भंडारण | 7 | 6 लाख 11 हजार |

### रात में भी चलाया अभियान

*विभागीय अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के अनुसार जिले में खनिज सामग्रियों का अवैध खनन-परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए दिन के अलावा रात में भी अभियान चलाया गया। इसके तहत विभाग की टीम को रात में भी निरीक्षण के लिए भेजा गया। इस निरीक्षण के दौरान रात में दो दर्जन से ज्यादा कार्रवाई भी की गई, जिसमें बिना रायल्टी के रेत, मुरुम से भरी दर्जनों गाड़ियों को रायल्टी पर्ची की चेकिंग के दौरान पकड़ा गया।*

### दूसरे जिले की गाड़ियां भी पकड़ी गईं

*चेकिंग के दौरान रायपुर में पकड़ी गई रेत से भरी गाड़ियों में दूसरे जिलों की गाड़ियां भी है। इनमें धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव आदि जिलों की हाईवा गाड़ियां शामिल हैं। इन गाड़ियों में रेत भरी हुई थी जिसे बिना रायल्टी पर्ची के दूसरे जिलों से रायपुर और रायपुर होकर दूसरे जिलों की ओर ले जाया जा रहा था।*

# 70 वार्डों का होगा सर्वे, विकास की रूपरेखा तय करेगा टाउन प्लानर

## निगम ने विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर नियुक्त करने किया टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों का सर्वे होगा, जिसमें नगर निगम से इम्पैनल्ड टाउन प्लानर वार्डवार सर्वे कर 6 माह के भीतर सभी 70 वार्डों की प्लानिंग दस्तावेज नगर निगम को देंगे। विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर नियुक्त करने नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिया है। शहरभर के लिए 12 से 15 टाउन प्लानर 3 साल के अनुबंध पर रखे जाएंगे।

नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में अगले 10 साल की जरूरत के मुताबिक विकास कार्यों की रूपरेखा बनेगी। यह रूपरेखा टाउन प्लानर तय करेगा। इसी आधार पर वार्ड विकास के लिए शासन से स्वीकृति होगी और विकास कार्य होगा। यानी पार्षदों की अनुशंसा पर कंक्रीटीकरण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, सड़क, चबूतरा निर्माण के लिए शासन से राशि नहीं मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक 1 वार्ड का सर्वे 1 सप्ताह में पूरा होगा और इसकी प्लानिंग पर 1 माह का समय लगेगा। योजना के मुताबिक निगम से इम्पैनल्ड टाउन प्लानर की रिपोर्ट संबंधित जोन कमिश्नरी में इंजीनियर्स और पार्षद के समक्ष प्रस्तुत होगी। सहमति के बाद इसे मुख्यालय भेजा जाएगा। निगम ने टाउन प्लानर तय करने आरएफपी जारी किया है। आरएफपी में नगर निगम के सभी 70 वार्ड के जीआईएस मैंपिंग द्वारा डाटा कलेक्शन और आने वाले 5 वर्षों में क्या-क्या विकास कार्य कर सकते हैं, इसकी प्लानिंग होगी।




### 3 कैटेगरी में बांटा गया 70 वार्ड

*वार्ड एक्शन प्लान तैयार करने शहर के 70 वार्डों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। इन तीन कैटेगरी के लिए आर्किटेक्ट या अर्बन प्लानर अलग-अलग रेट कोड करेंगे। इसमें से सबसे कम रेट भरने वाले आर्किटेक्ट या अर्बन प्लानर जो निर्धारित मापदंड पूरा करते हों, उसे तीन साल के लिए इम्पैनल्ड किया जाएगा।*

# निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने निकले जोन अध्यक्ष, नालियों पर बने पाटा पर जताया ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता ने किया स्थल निरीक्षण

नगरनिगम के नए जोन अध्यक्ष अब अपने जोन क्षेत्रों में निगम के अधिकारियों के साथ सफाई, निर्माण कार्य की धरातल पर स्थिति जानने स्थल निरीक्षण कर रहे हैं। बुधवार को जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल और जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता जोन राजेश्वरी पटेल और रमेश जायसवाल सहित जोन के अधिकारियों के साथ पुरानी बस्ती, दंतेश्वरी मंदिर के पास कुशालपुर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद अग्रवाल ने नालियों पर निर्मित पाटों पर एतराज करते हुए जोन के अधिकारियों से कहा कि संबंधितों को नोटिस देकर नालियों पर निर्मित पाटों को तोड़ने की कार्यवाही करें। इसी तरह महामाया मंदिर वार्ड के ऐतिहासिक महराजबंद तालाब में चल रहे सफाई कार्यों का उन्होंने अवलोकन किया।

G.R.GROUP OF INDUSTRIES

G.R.Sponge And Power Ltd. Unit I, Unit II And Ferro Division, N.R.Sponge Pvt. Ltd Phase II Industrial Area Siltara Raipur C.G Pin No. 493111

MEDICAL OFFICER REQUIRED FOR G.R.GROUP OF INDUSTRIES

| S.N. | Name of Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | AFIH Doctor | MBBS + AFIH |

Intrested Candidates may please send their self attested BIO-DATA with resend Coloured Passport Photo, Scanned Copy of Certificate in support of DOB, Qualification, MCI Registration Certificate, catagory Experience to hr@grgroupindia.com



## खबर संक्षेप

### ओवरब्रिज और आसपास संपत्ति विरूपण, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल ने जोन क्षेत्र के भाठागांव ओवरब्रिज सहित आसपास शासकीय संपत्ति का विरूपण कर बैनर पोस्टर लगाये जाने पर प्रोफेसर कालोनी स्थित संस्था श्रीराम निवास स्पोकन इंग्लिश के संचालक को नोटिस जारी कर 10 हजार रुपये क्षतिपूर्ति जुर्माना किया। नगर निवेश जोन 6 की ओर से जारी नोटिस में 3 दिन के भीतर क्षतिपूर्ति राशि निगम कोष में जमा करने निर्देशित किया है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित फर्म पर नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस थाना में नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जाएगी।

### ऋचा शर्मा ने कॉल सेंटर का किया अवलोकन



**रायपुर।** जिले की प्रभारी सचिव ऋचा शर्मा ने बुधवार को जिले के कॉल सेंटर का अवलोकन किया। उन्होंने कॉल सेंटर में आने वाले आम नागरिकों के फोन कॉल और उनकी समस्या के समाधान की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर 24x7 संचालित रहता है, जिसमें उपस्थित कर्मचारियों द्वारा आम नागरिकों की समस्या सुनी जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित कर दी जाती है।

# प्रदेश में उद्योगों के 200 एचपी तक के कनेक्शन एलटी में बदले जा रहे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में उद्योगों के लिए अब तक 50 एचपी के ही कनेक्शन एलटी में लगते थे, लेकिन अब 200 एचपी तक के कनेक्शनों को एलटी में लगाने की बिजली नियामक आयोग की मंजूरी के बाद उद्योगों में अपने कनेक्शनों को एलटी में बदलने की होड़ लगी है। इसके लिए आवेदनों का अंबार लग गया है। जहां अब तक 80 कनेक्शनों को एचटी से एलटी में बदल दिया गया है, वहीं सवा सौ से ज्यादा आवेदन पेंडिंग हैं। प्रदेश में चार हजार से ज्यादा उद्योगों हैं। इनमें अब तक नियम यह रहा है कि 50 एचपी यानी 37.5 किलो वॉट तक के भार वाले कनेक्शन ही एलटी में दिए जाते थे। लेकिन पहले इसको बिजली नियामक आयोग से 150 एचटी यानी 112 किलो वॉट करवाया गया। इसके बाद अब इसको 200 एचपी यानी 150 किलो वॉट करवा दिया गया है। ऐसा करने के पीछे का कारण यह बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने ही यह नियम बना दिया है कि 200 एचपी तक के उद्योगों के कनेक्शन को एलटी में बदल जा सकता है।

## बिजली नियामक आयोग की मंजूरी के बाद से आवेदनों का अंबार

### उद्योग ही सबसे बड़े उपभोक्ता

पॉवर कंपनी साल भर में जो 17 से 18 हजार करोड़ की बिजली उपभोक्ताओं को बेचती है, उसका करीब 40 फीसदी उद्योग ही उपयोग करते हैं। उद्योग की सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। उद्योगों में ज्यादातर कनेक्शन एचटी ही रहते हैं। लेकिन अब नए नियम के बाद बहुत ज्यादा कनेक्शन एलटी वर्ग में बदल जाएंगे। एलटी वर्ग घरेलू के साथ ही गैर घरेलू वर्ग के लिए रहता है। इसी के साथ यह वर्ग पहले छोटे उद्योगों के लिए रहता था, लेकिन अब यह बड़े उद्योगों के लिए भी रहेगा।



### होगा बड़ा फायदा

नए उपभोक्ताओं को इससे बड़ा फायदा होने वाला है। एचटी कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को इसके लिए खुद का सब स्टेशन बनाना पड़ता है। ऐसे में इस पर 20 से 25 लाख का खर्च हो जाता है। इस खर्च की अब बचत होगी। लेकिन जिन उपभोक्ताओं ने अपने सब स्टेशन पहले बना लिए हैं, उनको ज्यादा फायदा नहीं होगा।

### कनेक्शन एलटी में कराने की होड़

बिजली नियामक आयोग से मंजूरी के बाद अब प्रदेश भर के उद्योग अपने एलटी के कनेक्शनों को एलटी में बदलवाने में लग गए हैं। अब तक 80 एलटी के कनेक्शनों को एलटी में बदल दिया गया है। इसी के साथ सवा सौ आवेदन पेंडिंग बताए जाते हैं। नए आवेदन भी आ रहे हैं। इनको मंजूरी के बाद इनके कनेक्शनों को भी बदलने का काम होगा।

### छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स का त्रैवार्षिक चुनाव, केवल 3 जिलों में 3 पदों के लिए चुनाव

# 20 को दिया जाएगा निर्वाचन प्रमाणपत्र 18 अप्रैल को चैंबर भवन में मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स की निर्वाचन समिति की बैठक चैंबर भवन के सभागार में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि 20 अप्रैल को शहीद स्मारक भवन सभागार में विजयी प्रत्याशियों को प्रातः 10.30 बजे से निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी रमेश गांधी ने कहा, केवल 3 जिलों के लिए सिर्फ 3 पदों के लिए हो रहे चुनाव के कारण मतगणना की तारीख व समय तथा स्थान में परिवर्तन करते हुए अब मतगणना 18 अप्रैल को चैंबर भवन में प्रातः 10 बजे से की जाएगी। विदित हो, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में



प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और प्रदेश कोषाध्यक्ष सहित 3 जिलों को छोड़कर अन्य जिला मंत्री और जिला उपाध्यक्ष के लिए सिंगल नाम होने से प्रत्याशी के निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति है। जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही, जिला जशपुर और कबीरधाम जिला से एक भी नामांकन नहीं होने से चुनाव नहीं होंगे। सरगुजा और महासमुंद जिला में जिला मंत्री पद के लिए एक-एक नामांकन होने एवं रायगढ़ जिला में जिला अध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी होने से निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति निर्मित हुई है। पूर्व निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार सरगुजा जिला उपाध्यक्ष पद के मतदान स्थल सरस्वती शिशु मंदिर घड़ी चौक देवीगंज रोड अंबिकापुर में अंबिकापुर सहित लखनपुर, सरगुजा, उदयपुर के कुल 353 सदस्य 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे।

इसी तरह महासमुंद जिला उपाध्यक्ष पद के लिए महासमुंद शहर सहित बागबाहरा, बेलसोंडा, बिरकोनी, झलप, घोड़ारी, सरायपाली, पिथौरा, कोमाखान, मुढ़ेना के कुल 479 मतदाता 16 अप्रैल को मतदान स्थल सरस्वती शिशु मंदिर वार्ड नंबर 15 महासमुंद में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान करेंगे।

### बैठक में ये शामिल

रायगढ़ जिला मंत्री पद के लिए रायगढ़ शहर सहित धरमजयगढ़, घरघोड़ा, खरसिया,लैलूंगा, गढ़ उमरिया,झगरपुर, जोरापाली, कोंडातराई, मानिकपुर, पुसौर, सालर, सांगीतराई के कुल 1171 मतदाता बुधवार 16 अप्रैल को मतदान स्थल सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर रायगढ़ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। निर्वाचन समिति की बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन, संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा,मनोज शर्मा, बाबूलाल अग्रवाल अंबिकापुर, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एचएस कर, चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# रावांभाठा के बंधवा तालाब में पहली बार होगा पचरी निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम के रावांभाठा में स्थित बंधवा तालाब का कायाकल्प करने नई पहल की गई। इस तालाब में शीतला मंदिर के पास महिला घाट बनाने के लिए 10 लाख की स्वीकृति ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के आग्रह पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दी है। इस राशि से अब तालाब में पचरी का निर्माण किया जाएगा।

नगर निगम बिरगाव के नेता प्रतिपक्ष और पार्षद ओमप्रकाश साहू ने बताया कि वार्ड के लोग लंबे समय से तालाब में पचरी बनवाने की मांग कर रहे थे। वर्षों से अधूरे काम को पूरा करवाने के लिए बजट मिलने से वार्ड क्रमांक 14 में स्थित तालाब में महिलाओं की सुविधा के लिए पचरी का निर्माण कार्य का गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। अब तालाब में महिला घाट की सुविधा देने की कवायद होगी। निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर सालिक राम साहू, भगत राम साहू, श्याम लाल साहू,दिनेश साहू, शंकर साहू ,डामर सिंग निषाद, घनश्याम यादव, मनोहर बंजारे मौजूद थे।

## बिजनेस साइट

### कोलंबिया कॉलेज में दो दिवसीय संचार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज में जीवन कौशल विकास को केंद्र में रखते हुए दो दिवसीय संचार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भावी शिक्षकों और विद्यार्थियों में प्रभावी संचार क्षमताओं का विकास करना रहा। पहले दिन आयोजित सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, रायपुर के निदेशक मुकेश शाह उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को औपचारिक एवं अनौपचारिक भाषा के प्रयोग, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और क्या, कैसे, कब पद्धति के माध्यम से प्रभावी संवाद के तरीकों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही मौखिक एवं गैर-मौखिक संचार, श्रवण कौशल तथा शारीरिक भाषा के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। यह सत्र कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे एवं उप-प्रधानाचार्य डॉ. आभा दुबे के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें जन प्रगति शिक्षा समिति के सचिव हरजीत सिंह हूरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### एनोवेट एंड कोड : पायथन, रोबोटिक्स और कोडिंग एसेंशियल में दो दिवसीय हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग



**रायपुर।** आईईईई कलिंगा विश्वविद्यालय छात्र शाखा ने बीडीएस एजुकेशन के सहयोग से एसजेएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पायथन, कोडिंग और रोबोटिक्स पर दो दिवसीय हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह पहल छात्रों को प्रोग्रामिंग और रोबोटिक्स की दुनिया में उतरने के लिए एक प्रेरणादायक मंच प्रदान करती है। कार्यक्रम का उद्घाटन एसजेएमआईटी के प्राचार्य डॉ. भारत पीबी, बीडीएस शिक्षा निदेशक कर्नल एनसी गुप्ता, कलिंगा विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी की निदेशक डॉ. विजयलक्ष्मी, एसजेएमआईटी के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. राजेश एएम और ईसीई विभागाध्यक्ष डॉ. सिद्धेश के.बी. की उपस्थिति में हुआ।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने पूरे किए 10 वर्ष सूक्ष्म उद्यमों को मिला नया आयाम

**रायपुर।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने अपने 10 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए। इस योजना ने देश के एमएसएमई क्षेत्र को वित्तीय सहयोग प्रदान कर भारत के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाई है। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, योजना के पहले पांच वर्षों में 11.59 लाख उधारकर्ताओं को 18923 करोड़ का ऋण वितरित किया गया था। अब तक कुल 43.65 लाख उधारकर्ताओं को 71364 करोड़ की ऋण सहायता दी जा चुकी है, जो कि मात्रा और मूल्य दोनों में लगभग 300% की वृद्धि को दर्शाता है। इनमें 25% से अधिक ऋण महिला उद्यमियों को प्रदान किया गया है, जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बल मिला है।

BOI Relationship beyond banking

## पेज 11 के शेष

### ट्रैफिक जवानों को...

बार ट्रैफिक जवानों को थर्मो स्टील बॉटल देने का निर्णय लिया है। थर्मो स्टील बॉटल में पानी भरने से पानी को एक निश्चित टेंप्रेचर में रखा जा सकता है। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक बाजार में थर्मो स्टील बॉटल की कीमत ढाई से तीन सौ रुपए है। इस बात को ध्यान में रखते हुए गुजरात जहां थर्मो स्टील बॉटल बनती है, वहां से पानी बोतल खरीदी करने निर्णय लिया गया है। गुजरात से थर्मो स्टील बॉटल आधी कीमत पर मिल रही है। गुजरात से थर्मो स्टील बॉटल 124 रुपए में मिल रही है। अफसरों के अनुसार मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी समय पर बॉटल की आपूर्ति कर देगी, तो अगले सप्ताह तक सभी ट्रैफिक जवानों को पानी बॉटल आबंटित कर दी जाएगी।

**ड्यूटी के समय में बदलाव किया जाएगा:** अप्रैल के बाद धूप तेज होने की स्थिति में जवानों की ड्यूटी में बदलाव किया जाएगा। ऐसे चौराहे जहां ट्रैफिक का दबाव कम रहता है। वहां दोपहर 12 से शाम चार बजे तक जवानों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। इसके साथ ही जो दोपहर में ड्यूटी करेंगे, उन्हें आराम करने शाम के समय छूट मिलेगी। अफसरों के अनुसार जवानों को लू से बचाने रोटेशन में ड्यूटी लगाई जाएगी।

### इंजन में लगे नए...

में एसी लगा हुआ रहा है, लेकिन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ज्यादातर पुराने इंजनों में काम किया जा रहा है। तेज गर्मी काम करने से रक्तचाप, हाईपरटेंशन जैसी अन्य बीमारी भी होने लगी है। बाहर के तापमान से इंजन का पारा बाहर से 5 से 10 डिग्री अधिक हो गया है। रेलवे स्टेशन से लेकर जनरल कोच और इंजन में पारा रिकॉर्ड किया, तो चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। जनरल कोच में जहां भारी उमस, भीड़ और गर्मी की वजह से तापमान 43 से 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, वहीं इंजन का पारा अप्रैल में सारे रिकॉर्ड तोड़ता हुआ 48 डिग्री तक जा पहुंचा।

### अभनपुर, आरंग में तीन...

हैं। एनएच 30 में 12 तथा एनएच 53 में नौ ब्लैक स्पॉट हैं, जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ब्लैक स्पॉट की वजह सड़कों की तकनीकी खामियां हैं। तकनीकी खामी दूर करने ट्रैफिक पुलिस ने पीडब्लूडी तथा सड़क निर्माण एजेंसी से संपर्क कर जरूरी सुधार करने सुझाव देने के साथ ही संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस के साथ स्थानीय प्रशासन को सड़कों से अतिक्रमण हटाने कहा है।

**10 ब्लैक स्पॉट ऐसे जहां 10 से ज्यादा मौतें:** टोटल 26 ब्लैक स्पॉट में 10 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं, जहां पिछले तीन वर्षों में 10 से ज्यादा मौतें हुई हैं। इनमें सबसे ज्यादा मौतें सिलियारी ओवरब्रिज में 19 तथा नेवरा के बेमता से निस्दा मोड़ तथा जोरा ओवरब्रिज में 17-17 और आरंग स्थित पारागांव से निस्दा मोड़ में तीन साल में 16 मौतें हुई हैं। इन चारों जगहों के ब्लैक स्पॉट को ट्रैफिक पुलिस के अफसर प्रमुखता के साथ सुधार करने की बात कह रहे हैं।

### रविवि 365 दिन...

नहीं होगी और ना ही किसी तरह का आयु बंधन होगा। केवल विवि द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करने के साथ ही तय की गई राशि देनी होगी। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के हॉल तथा मैदान में ये कक्षाएं लगाई जाएंगी। प्रथम बैच की शुरुआत 30 अप्रैल से हो रही है। यदि अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो लोगों को कई बैच में बांटकर योग सिखाया जाएगा। इसके लिए रूपरेखा तैयार हो चुकी है। कुछ दिनों के अंतराल में रविवि द्वारा आधिकारिक रूप से पंजीयन प्रारंभ कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि रविवि प्रदेश का पहला विवि है जो आम लोगों के लिए इस तरह की कक्षाएं संचालित कर रहा है।

### छात्रों के व्यवहार पर...

फोकस किया जाएगा। क्लब द्वारा नियमित रूप से कक्षाएं संचालित किए जाने के साथ ही समय-समय पर विभिन्न विभागों के साथ मिलकर योग आधारित गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। योग की साप्ताहिक कार्यशाला भी लगाई जाएगी।







आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विकास चतवानी एवं श्री पलक चतवानी निवासी- प्रियदर्शनी नगर थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर की पुत्री खुशी चतवानी के द्वारा परिवार वालों और माता-पिता के इच्छा के विरूद्ध जाकर अपना धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कुबुल किया है, तथा परिवार की इच्छा के विरूद्ध जाकर मुस्लिम जाति के लड़के से निकाह किया है, जिससे मेरे पक्षकार के मान सम्मान में विपरीत प्रभाव पड़ा है, मेरे पक्षकारगण अपनी पुत्री खुशी चतवानी उर्फ कनीज फातिमा हो गई है को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल और पृथक करने का निर्णय लिया है खुशी चतवानी उर्फ कनीज फातिमा के द्वारा किये गये किसी भी संव्यवहार या चतवानी परिवार की सम्पत्ति से कोई भी अधिकार नहीं होगा और यदि भविष्य में दावा किया जाता है तो शुन्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक 09.04.2025

**हितेन्द्र तिवारी अधिवक्ता**
**पताः- एम.आई.जी. फ्लैट नं. 3, इंद्रावती कालोनी, राजातालाब, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. , मो. नं. 96699-29000**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर धरसींवा तहसील व जिला धरसींवा**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 08.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गिरवर प्रसाद साहू पिता स्व.दानसाय साहू निवासी ग्राम टांडा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम टांडा प.ह.नं. 21 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-15 (धरसींवा) स्थित भूमि खसरा नंबर 417/13, 417/14, 417/15, 417/16, 424/32 रकबा 0.0400 हे., 0.0610 हे., 0.0570 हे., 0.1940 हे., 0.0570 हे., का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के रा.प्र.क्र. Q /अ-12/ वर्ष 2024-25 रायपुर के आदेश दिनांक 31.01.2025 के परिपालन में दिनांक 24.04.2025 को समय 11:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 21 के पटवारी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-15 (धरसींवा)**
















मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
आदरणीय नंद कुमार साहू
(नंदे भैय्या) जी को
रायपुर विकास प्राधिकरण
के अध्यक्ष का
पद्भार ग्रहण करने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मान. नंदकुमार साहू
अध्यक्ष
रायपुर विकास प्राधिकरण
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांकः 11/04/2025
समय : प्रातः 01.00 बजे
स्थान : कार्यालय RDA, रायपुर
विकास प्राधिकरण, न्यू राजेन्द्र नगर
(2nd फ्लोर)
अशोक तलमले
तरूण चंसोरिया
दीपक गिरडकर
विनीत- श्री शंकर-हनुमान मंदिर समिति, डॉन सोशल एवं स्पोर्ट्स परिवार, शारदा चौक रायपुर

## खबर संक्षेप



### गजराज बांध बचाने ग्रीन आर्मी ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था की 25 सदस्यीय टीम ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर रायपुर शहर के अंदर स्थित जलस्त्रोत गजराज बांध को बचाने की मांग की। मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि ग्रीन आर्मी संस्था विगत 8 वर्षों से लगातार गजराज बांध को बचाने के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए संस्था द्वारा स्वयं स्थानीय नागरिकों लेकर एक व्यक्ति एक घमेला योजना के तहत प्रत्येक रविवार को गहरीकरण का कार्य भी स्वयं से आरंभ किया गया तथा समय-समय पर तत्कालीन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से भी इसके लिए निवेदन किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश अभी तक कोई भी योजना जमीन पर नहीं उतरी है, सबकुछ केवल कागजों पर ही है। उपमुख्यमंत्री ने संपूर्ण विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गजराज बांध, बोरियाखुर्द अपने संपूर्ण आकार में विकसित होगा और इसके लिए तत्काल कार्ययोजना तैयार की जाएगी। ग्रीन आर्मी संस्था प्रमुख अमिताभ दुबे, जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा के नेतृत्व में उपस्थित सभी सदस्यों को आश्वस्त किया।

### एक देश, एक चुनाव से होगी 4.5 लाख करोड़ की बचत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर सोशल साइट एक्स पर पोस्ट के जरिए लोकसभा चुनाव में खर्च का ब्योरा दिया है। छत्तीसगढ़ भाजपा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का संकल्प दोहराया है। सोशल मीडिया पर भाजपा ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हुए खर्चा का ब्योरा भी दिया। साथ ही लिखा, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' वह समाधान है, जो सरकारी संसाधनों के बेवजह होते खर्च पर लगाम लगाकर राष्ट्रहित में उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करेगा। सोशल मीडिया के एक दूसरे पोस्ट में लिखा, भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव में लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए थे, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में खर्च हुए 60,000 करोड़ रुपये से लगभग दोगुना है। एक ही समय पर सभी चुनाव होने से करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी, जो देश की जीडीपी के 1.5 प्रतिशत के बराबर है।

### खुद बताया बैंक मैनेजर बताकर छह लाख ठगे

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ एक निजी बैंक का मैनेजर बनकर पैन, आधारकार्ड अपडेट करने के नाम पर पांच लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दौलतराम वर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। दौलत राम ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसे कॉल कर एक्सिस बैंक का मैनेजर होना बताकर आधार तथा पैन कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर एक लिंक शेयर किया। लिंक खोलने के बाद उसके अकाउंट से नकदी रकम आहरण कर जालसाज ने उसके साथ ठगी की है।

# कई जिलों में विशेषज्ञों का अभाव, जहां बांडेड पोस्टिंग वहां स्वास्थ्य केंद्रों में सीएमओ की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

एक ओर प्रदेश में चिकित्सा विशेषज्ञों की भारी कमी है, वहीं दूसरी ओर बांडेड ड्यूटी के नाम पर पीजी डाक्टरों से स्वास्थ्य केंद्रों में सीएमओ ड्यूटी कराई जा रही है। एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी कर चुके डाक्टरों का तर्क है कि कड़ी पढ़ाई के बाद उन्होंने जो विशेषज्ञता हासिल की है, उसका उपयोग ही नहीं किया जा रहा है। बांडेड पोस्टिंग जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में किए जाने की मांग काफी समय से उठ रही है, जिस पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

प्रदेश में चिकित्सा विशेषज्ञों की भारी कमी है इसे दूर करने के लिए एमडी-एमएस की पढाई पूरी करने वाले डाक्टरों की बांडेड ड्यूटी के तहत वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है। नए नियम के अनुसार पीजी डाक्टरों को पहला साल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बिताना होता है, इसके बाद दूसरे साल में उन्हें जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में पोस्टिंग दी जाती है। बांड सेवा के एक साल उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नहीं हो पाता और उनसे केजुअल्टी ड्यूटी, पोस्टमार्टम, एमएलसी ड्यूटी कराई जाती है। यह काम एमबीबीएस डिग्रीधारी चिकित्सा अधिकारी कर सकते हैं। पीजी डाक्टरों की यह मांग काफी पुरानी है कि बांडेड पोस्टिंग डिस्ट्रिक अथवा चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित अस्पतालों में की जाए, जिससे वहां सर्जरी अथवा विषय संबंधित बीमारी के साथ आने वाले मरीजों को समुचित उपचार की सुविधा मिल सके। इससे उन क्षेत्रों में चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी को काफी हद तक दूर किया जा सकता है, जहां स्वीकृत पदों की तुलना में आधे से कम डाक्टर कार्यरत हैं।

- ऐसे हेल्थ सेंटरों में कर दी नियुक्ति जहां विशेषज्ञता की उपयोगिता ही नहीं



### सीजीडीएफ की पुरानी डिमांड

छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन की पीजी डाक्टरों की बांडेड पोस्टिंग जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में करने की मांग काफी पुरानी रही है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि विषय विशेषज्ञों की उपयोगिता को लेकर वे कई बार उच्च अधिकारियों से मिल चुके हैं। उनके सुझाव पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

### पोस्टिंग ऐसी भी

- सरगुजा जिले के उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलग-अलग समय में हड्डी रोग, एनीस्थिसिया, पैथोलॉजिस्ट की पोस्टिंग कर दी गई। वहां इस तरह की समस्याओं के उपचार की सुविधा ही नहीं थी इसलिए मरीज भी नहीं आते थे।
- सीएचसी सारंगढ़ में मेडिसिन के एमडी-एमएस डाक्टर की पोस्टिंग की गई। गंभीर तरह के मरीज नहीं इसलिए मेडिकल ऑफिसर के साथ इमरजेंसी और एमएलसी ड्युटी करते रहे। सालभर बाद मेडिकल कालेज में मिली पोस्टिंग।
- बालोद के हेल्थ सेंटर में एक पीजी डाक्टर की ड्युटी समाप्त होने के बाद दूसरे डाक्टर की सीएमओ ड्युटी लगाई गई। महिला चिकित्सक स्त्री एवं प्रसुति रोग से संबंधित पीजी थी।

## नया अहाता नहीं खुलने से बनी रहेगी समस्या

# अहाता बंद होने से पियक्कड़ों ने शराब दुकान के पास खाली जगह को बनाया मयखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से पियक्कड़ों के पीने की व्यवस्था करने शराब दुकान के पास खाली जगह में अहाता बनाने पिछले वर्ष से ठेका प्रथा शुरू किया है।

नए वित्तीय वर्ष में अहाता का नया ठेका अब तक नहीं हो पाया है। इसके चलते पियक्कड़ गला तर करने सार्वजनिक जगहों के साथ शराब दुकान के पास खाली जगह को ही मयखाना बनाकर शराब गटक रहे हैं। इससे शराब दुकान के आसपास गंदगी पसरने के साथ ही डिस्पोजल गिलास का ढेर लगने लगा है।

नए 61 अहाता का ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया है। टेंडर 11 अप्रैल को खुलेगा, इसके बाद अहाता संचालन करने लाइसेंस प्रक्रिया तथा अन्य दस्तावेजी प्रक्रिया की जाएगी। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अहाता संचालित करने ठेकेदार जगह चयन करेगा। जगह चयन होने के बाद ठेकेदार अहाता निर्माण करने के साथ जरूरी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेगा। इस तरह से अहाता शुरू होने में टेंडर जारी होने के बाद एक पखवाड़े से ज्यादा का समय लग सकता है।

**अहाता बंद होने से शराब दुकान के आसपास सजने लगा चखना, पानी गिलास का स्टाल**



### नियमित हो रही एक दर्जन से ज्यादा कार्रवाई

सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को शराब पीने से रोकने पुलिस लगातार कार्रवाई भी कर रही है। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के लेकर पुलिस रोज एक दर्जन से ज्यादा 36 च की कार्रवाई कर रही है। आदतन तथा दिन में शराब पीने वाले अपने साथ पानी, चखना, गिलास लेकर शराब दुकान के पास ही शराब खरीद कर दुकान के पास खाली जगह में शीशी खोलकर शराब गटकते आसानी से देखे जा सकते हैं।

### टेंडर के बाद पता चलेगा कितने अहाता संचालित

आबकारी विभाग ने जिले में संचालित 61 शराब दुकानों के लिए टेंडर जारी किया है। उनमें से किन-किन शराब दुकानों के लिए अहाता संचालित करने ठेकेदारों की रुचि है, इसकी जानकारी टेंडर जारी होने के बाद मिलेगी। पिछले वर्ष 61 अहातों में से 32 अहातों का संचालन हो रहा था। शेष 29 अहाता चलाने ठेकेदारों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। ज्यादा कीमत में अहाता का ठेका लेने की वजह से पिछले वर्ष कई ठेकेदारों ने अहाता संचालित करने से हाथ खींच लिए थे।

### पीने के विवाद पर मारपीट से लेकर हत्या तक की घटना

सूनसान तथा खाली जगहों में सुरक्षा का इंतजाम नहीं होता, इसके चलते इन जगहों पर शराब पीने वालों के बीच आपसी विवाद में मारपीट की घटना आम है। शराब पीने तथा पिलाने के विवाद में मारपीट से लेकर हत्या तक की घटनाएं होती हैं। आजाद चौक थाना क्षेत्र में रामकुंड के पास शराब पीने के बाद हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने अपने साथी से शराब पीने और पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर मंगलवार को शुभम साहू की उसके दोस्त गोपी साहू ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

### इन जगहों पर पियक्कड़ों का जमावड़ा

शास्त्री बाजार, पुराना बसस्टैंड, गंज, लभांडी स्थित शराब दुकान के पास पियक्कड़ों का जमावड़ा रहता है। इन जगहों की शराब दुकान के पास खाली तथा खुली जगह होने की वजह से सुबह 11 बजे से लेकर शराब दुकान बंद होते तक शराब पीते देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही गली-मोहल्लों की खाली जगहों को शराबियें ने शराब पीने का अड्डा बना लिया है।

# 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए मोतीबाग पानी टंकी एरिया में 3 नए मोटर पंप जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोतीबाग चौक पर स्थापित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी क्षेत्र के पुराने 3 पंप को बदलकर 110 एचपी क्षमता वाले नए मोटर पंप लगाये जाएंगे। अब तक यहां 75 एचपी के 3 मोटर पंप के जरिये संबंधित वार्डों में पेयजल आपूर्ति की जाती थी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए पहले से स्थापित पुराने मोटर पंप को हटाकर 3 नए मोटर पंप लगाने की तैयारी है।

दरअसल, शहर में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पहली बार एबीडी एरिया के 15 चुनिंदा वार्डों में पीने का साफ पानी नलों से 24 घंटे उपलब्ध कराने नई पाइप लाइन बिछाई है। गंज पानी टंकी और मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया के कनेक्ट वार्डों नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति की टेस्टिंग पूरी करने के बाद इन दिनों गंज पानी टंकी से शाम के समय 1 घंटे अतिरिक्त पानी दिया जा रहा है। वहीं मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया में सुबह के समय 1 घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति की जा रही है। 130 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन अनुबंधित एजेंसी ने बिछाई है। योजना के मुताबिक गंज पानी टंकी से शहर के 6 वार्डो को 24 घंटे साफ पानी मिलेगा। इनमें रमण मंदिर वार्ड इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड और स्वामी आत्मानंद वार्ड शामिल है।


वहीं मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया से मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, **ब्राम्हणपारा वार्ड,** महंत लक्ष्मीनारायण वार्ड, स्वामी विवेकानंद -सदर बाजार वार्ड , महामाया मंदिर वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, राजीव गांधी वार्ड में 24 घंटे पीने का साफ पानी पहुंचाने की तैयारी है।



- 75 एचपी के पुराने मोटर पंप बदलकर 110 एचपी के 3 पंप लगाने की तैयारी
- कमांड एरिया में सुबह के समय 1 घंटे अतिरिक्त पानी

# सीएम साय आज नवा रायपुर में रखेंगे सेमी कंडक्टर निर्माण प्लांट की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- झरिया अल्कलाइन वाटर बॉटलिंग प्लांट का करेंगे शुभारंभ
- सार्वजनिक ई-ऑटो परिवहन सेवा की होगी शुरुआत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 अप्रैल को नवा रायपुर में देश की प्रसिद्ध सेमी कंडक्टर निर्माता कंपनी पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर वे झरिया अल्कलाइन वाटर बाटलिंग प्लांट का करेंगे शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री नवा रायपुर में निर्मित कमर्शियल टॉवर में आईटी कंपनियों को फर्निश्ड स्पेस का आवंटन करने के साथ ही नवा रायपुर में सार्वजनिक ई-ऑटो परिवहन सेवा की भी शुरुआत करेंगे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, आवास एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है।

गौरतलब है कि पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी है, जो छत्तीसगढ़ में 1143 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ा कारखाना स्थापित करेगी। डेढ़ लाख वर्गफीट में बनने वाला यह प्लांट 2030 तक 10 अरब चिप्स तैयार करेगा, जो टेलीकॉम, 6जी/7जी, लैपटॉप और पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग होंगे। इस प्लांट में 130 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

### 750 युवाओं को देंगे ज्वाइनिंग लेटर

मुख्यमंत्री श्री साय नवा रायपुर के कमर्शियल टॉवर में पूरी तरह तैयार ऑफिस स्पेस आईटी कंपनियों को आबंटित करेंगे। यह कदम नवा रायपुर को भारत का आईटी हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। आईटी कंपनी के माध्यम से 750 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री इस मौके पर युवाओं को जॉइनिंग लेटर भी सौंपेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों नवा रायपुर में ई-ऑटो पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा की शुरुआत भी होगी। यह ई-ऑटो सर्विस महिलाओं के स्वसहायता समूह के जरिए संचालित होगी। लगभग 130 किलोमीटर के दायरे में यह ई-ऑटो पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा रिहायशी इलाकों, ऑफिस, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और जंगल सफारी को जोड़ेगी। इससे 40 महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी। मुख्यमंत्री श्री साय झरिया अल्कलाइन वाटर बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन भी करेंगे। इससे सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति होगी।

### जीवन प्रबंधन में आध्यात्मिक दृष्टिकोण की उपयोगिता महत्वपूर्ण

**रायपुर।** मानव जीवन के समग्र विकास और तनाव प्रबंधन में आध्यात्मिक दृष्टिकोण की उपयोगिता आज भी सहायक सिद्ध होती है। कठिन परिस्थितियों में व्यक्ति आध्यात्म का सहारा लेते हुए मानसिक शांति प्राप्त करता है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय शाखा द्वारा प्रशासनिक अकादमी, निमोरा में आयोजित श्रीमद् भगवद् गीता के माध्यम से जीवन प्रबंधन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने कहा, श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन की एक वैज्ञानिक और व्यावहारिक ग्रंथ है, जिसमें हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। गीता में नेतृत्व, निर्णय क्षमता, आत्मचिंतन, कर्मयोग और समत्व जैसे प्रबंधन के मूल सिद्धांत समाहित हैं। प्रशासनिक सेवा जैसे उत्तरदायित्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करते समय व्यक्ति को कई बार मानसिक दबाव, नैतिक द्वंद्व और जटिल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे समय में गीता के ज्ञान का अभ्यास मानसिक संतुलन और स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान करता है।

# सुशासन तिहार : सफाई, पेयजल की शिकायत सांसद, विधायक और महापौर ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेय साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 के तीसरे दिन शिविर में लोगों की समस्या जानने और शिविर की व्यवस्था का अवलोकन करने सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे पहुंचीं। इस मौके पर नागरिकों ने सफाई, निकास नाली, पेयजल की समस्या बताते हुए समाधान पेटी में आवेदन जमा किए। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नागरिको को 3-3 लाख के धनादेश बतौर आर्थिक सहायता प्रदान किए। शिविर के तीसरे दिन 4711 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें 4081 मांग संबंधी आवेदन और 630 शिकायतें प्राप्त हुईं।

नगर निगम जोन 5 के डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड और भक्त कर्मा माता वार्ड में लगाये जा रहे शिविर का गुरुवार को विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे ने अवलोकन किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद ममता-सोनू तिवारी, दुर्गा-यादराम साहू वार्ड वासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं जानने शिविर स्थल पर उपस्थित रहीं। जन शिकायत के साथ मांग और जन समस्या दर्ज कराने सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जोन कमिश्नर सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सुशासन तिहार शिविर का अवलोकन करने एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षद कृष्णा सोनकर पहुंचे। जोन 6 के वार्डों में लगाये गए शिविर स्थल पर जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल अपनी टीम के साथ व्यवस्था बनाये रखने डटे रहे।



### तीसरे दिन 10 जोन से प्राप्त आवेदन की स्थिति

कूल प्राप्त आवेदन 4,711, मांग 4081, शिकायत संबंधी आवेदन 630
सबसे ज्यादा आवेदन जोन 2 - 1194
सबसे कम आवेदन जोन 7 - प्राप्त आवेदन की संख्या 167

- सुशासन तिहार का तीसरा दिन, 4711 आवेदन प्राप्त
- जोन 5 के वार्डो में शिविर, सफाई, पेयजल की शिकायत लेकर पहुंचे लोग
- दक्षिण विधायक ने 4 नागरिकों को आर्थिक सहायता के लिए 3-3 लाख का धनादेश दिया

### सुशासन तिहार में समाधान के लिए पेंशनर्स का मुख्यमंत्री साय को पत्र

**रायपुर।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर छह बिंदुओं पर समाधान शिविर में निराकरण के लिए बिंदुवार आवेदन किया है।

25 वर्षों से लंबित सहमति लेने-देने की प्रक्रिया समाप्त किया जाना, छठवें वेतनमान के अनुरूप 32 माह का पेंशन एरियर्स भुगतान, 53 प्रतिशत एवं 55 प्रतिशत राहत पेंशन स्वीकृत सहित उच्च न्यायालय के आदेश, केंद्र शासन के निर्देश की प्रतिलिपि लगाकर समाधान कर भुगतान आदेश दिए जाने की मांग की गई है।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव के हाई मास्ट पोल से ध्वज गायब, चौंक रहे लोग

- निगम की उदासीनता, लोग हैरान
- देश में सबसे ऊंचे हाई मास्ट पोल पर 70 फीट चौड़ा, 105 फीट लंबा ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव परिक्रमा पथ में स्थापित विशाल ध्वज हाई मास्ट पोल से गायब है। इसे देखकर जहां लोग चौंक रहे हैं, वहीं निगम प्रशासन आंख मूंदे हुए है, जबकि 9 साल पहले नगर निगम ने ही 98 लाख रुपए खर्च कर पूरे तामझाम के साथ 82 मीटर हाई मास्ट पोल पर इस ध्वज को तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के हाथों ध्वजारोहण कराया। इसकी देखरेख का हाल ये है कि सप्ताहभर से हाई मास्ट पोल बिना ध्वज के निगम प्रशासन को मुंह चिढ़ाते नजर आ रहा है। इधर जिला प्रशासन और निगम के आला अधिकारी सुशासन तिहार में व्यस्त हैं। राजधानी वासियों में राष्ट्रप्रेम और आत्मगौरव की अनुभूति कराने वाला देश का सबसे ऊंचा हाई मास्ट पोल पर स्थापित ध्वज नदारद है। दूर से केवल खाली पोल ही नजर आ रहा है, जबकि इससे पहले तेलीबांधा सहित आसपास के क्षेत्र से ध्वज को शान के साथ लहराते हुए देखकर लोग गौरवान्वित होते थे। जगमग रोशनी के बीच चमकते ध्वज को देखकर लोग वहां कुछ देर रुक कर सुंदर प्राकृतिक नजारा का आनंद उठाते थे।

अब ऐसी स्थिति नहीं है, हाई मास्ट पोल वीरान पड़ा है। सूत्रों के मुताबिक मौसम परिवर्तन को देखते हुए ध्वज को उतार कर सुरक्षित रखा गया है। हैदराबाद की एजेंसी को निगम ने 1 साल के लिए इसके मेंटनेंस और निगरानी के लिए अनुबंधित किया है। एजेंसी के 2 कर्मचारी शिफ्ट वाइज हाई मास्ट पोल पर फहराने वाले ध्वज की देखरेख और प्रकाश की व्यवस्था देखते हैं।



- 9 साल पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के हाथों हुआ था ध्वजारोहण

### ध्वज से जुड़ी कुछ बातें

- 82 मीटर हाई मास्ट पोल पर स्थापित है ध्वज
- पोल का वजन 18 टन , 84.87 मीटर फाउंडेशन 24 नट बोल्टों के सहारे स्थापित
- 5 एचपी का मोटर झंडा चढ़ाने और उतारने के लिए
- ध्वज पर रोशनी बिखेरने 4 एलईडी लाइट
- देश के सबसे बड़े हाई मास्ट पोल पर ध्वज होने का गौरव, रांची दूसरे नंबर पर जहां
- 81 मीटर ऊंचे हाई मास्ट पोल पर ध्वज

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411